* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 114

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


रामजन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला महाराष्ट्र से पत्नी संग पकड़ा गया







PROJECT LAUNCH AT SITE ON SUNDAY 12TH FEBRUARY, TIME -11:00 AM ONWARDS

AVAIL INAUGURAL DISCOUNT, BOOK BEFORE 28TH FEB 2023

## HIGHLIGHTS

- 03 KM FROM HATIA RAILWAY STATION
- 06 KM FROM BIRSA MUNDA AIRPORT
- 03 KM FROM HOSPITAL
- 04 KM FROM RING ROAD
- 0.3 KM FROM DONBOSCO HIGH SCHOOL
- TRUSTED BUILDER
- TOTAL OPEN SPACE 65%
- LUSH LANDSCAPED GARDEN
- JOGGING TRACK


Indian Green Building Council (IGBC)
BASARGARH HERITAGE
Ranchi
(IGBC Registration No. GH 210145)
IGBC Green Homes Rating System
Precertified Platinum
February 2022


TATA TISCON READYBUILD
hereby pre-certifies
BASARGARH HERITAGE
Ranchi
The Project has been demonstrated intent to use only Tata Tiscon Cut And Bend material for the entirety of the project
(Precertification is valid till completion of project)
Sunil Kumar Jaiswal
Business Head, Pasa Resources Pvt. Ltd

CONSTRUCTION BASED ON
MIVAN TECHNOLOGY
ADVANCED AND INNOVATIVE ALUMINIUM FORMWORK TECHNOLOGY SITE

ARCHITECT
THE GROUP
ARCHITECTS, PLANNERS, ENGINEERS, INTERIORS.


Gurugracia.com

1, 2 & 3 BHK APARTMENTS & PENTHOUSES










PROJECT APPROVED FROM ALL LEADING BANKS
SBI | ICICI Bank | इलाहाबाद बैंक ALLAHABAD BANK | Canara Bank | AND MANY MORE

EMAIL: info@basargarhheritage.com, basargarhheritage@gmail.com | WEBSITE: www.basargarhheritage.com

FOR SALES ENQUIRIES

62060 38898 | 70047 84793 | 91221 93571 | 99553 43866 | 9508139161

RERA REGISTRATION NO.: JHARERA/PROJECT/37/2023 | RERA REGISTERED PROJECT NAME: BASARGARH HERITAGE

CORPORATE OFFICE: AMAYARA TOWER' NEAR HYUNDAI SHOWROOM, KACHNAR TOLI, NIFFT, HATIA, RANCHI - 834003. | SITE OFFICE: DONBOSCO HIGH SCHOOL, EKTA NAGAR, HESAG, HATIA RANCHI, JHARKHAND.

Disclaimer: This advertisement is indicative in nature & may not constitute as an offer or invitation for the purpose of registration/ booking/ sale. The visual and other representations including amenities, specifications in this advertisement are purely conceptual/ artistic/ impressions and do not constitute a legal offering or binding. the actual could substantially differ from the above. The viewer/ prospective buyer may seek all such information including sanctioned plans, approvals, development schedule, specifications, facilities & amenities, from the company in respect of the concerned project/ phase that he/ she/ they may be interested in, before any such booking/ registration, etc. Further, details of the project/ phase are available on the company/ site/ marketing office(s) and/ or company website @ www.basargarhheritage.com, as provided above, and on the website of JHA RERA @ jharera.jharkhand.gov.in or at its office.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,400 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो



# विपक्ष के हर तीर को भोथरा कर दिया पीएम मोदी ने

## ■ संसद में दिये गये भाषणों से साबित हुई पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता

## ■ विपक्ष के बुने जाल में फंसने की बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया

## ■ बदलते भारत की शानदार तस्वीर उकेर साबित कर दी अपनी कार्यशैली

**आजाद सिपाही विशेष**

**पिछले नौ साल से दुनिया भर में 140 करोड़ लोगों की नुमाइंदगी कर रहे विश्व के अब तक के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का एक रूप पिछले दो दिनों में संसद के दोनों सदनों में दिखा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने जो कुछ कहा, उससे साफ हो गया कि आज भी उनकी नेतृत्व क्षमता का कोई जोड़ किसी के पास नहीं है। उन्होंने इन दोनों भाषणों के दौरान खुद को एक बार फिर साबित किया और विपक्ष द्वारा बुने गये जाल में फंसने की बजाय उसके ही इरादों पर पानी फेर दिया। प्रधानमंत्री ने लगातार आगे बढ़ रहे भारत की वह तस्वीर दुनिया के सामने रखी, जिससे विपक्ष पूरी तरह मुद्दाविहीन हो गया है। उसे समझ में ही नहीं आ रहा है कि वह कौन सा मुद्दा लेकर जनता के बीच जाये। यह पीएम मोदी की उस उत्कृष्ट कार्यशैली का नमूना है, जिसकी मदद से वह भारत को दुनिया के नक्शे पर न केवल स्थापित कर रहे हैं, बल्कि इसे विश्वगुरु बनाने की हरसंभव कोशिश भी कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं, खास कर कांग्रेस द्वारा लगाये गये बिना सिर-पैर के आरोपों को नजरअंदाज करना पीएम की गंभीरता का परिचायक तो रहा ही, उनका यह कहना कि टीवी-मीडिया में चेहरा चमका कर वह लोकप्रिय नहीं बने, बल्कि पसीना बहाया है, यह साबित करता है कि पीएम मोदी कितने कर्मठ हैं। संसद में प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों का राजनीतिक विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

देश की सबसे बड़ी पंचायत, संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कुछ कहा, उसके कई निहितार्थ हैं। पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा में अपने भाषणों से पीएम मोदी ने न केवल विपक्ष के तरकश के सभी तीरों को एक साथ भोथरा कर दिया, बल्कि एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता क्यों बने हुए हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा में विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी ने जो आरोप लगाये थे, उनका जवाब प्रधानमंत्री ने अपनी स्टाइल में दिया और यही उनके भाषण की विशेषता रही। उन्होंने विपक्ष द्वारा मचाये जा रहे उस शोर को शांत करने का ही काम किया, जो न केवल अनावश्यक, बल्कि भारत विरोधी भी है। आम तौर पर प्रधानमंत्री विपक्ष के आरोपों का चुन-चुन कर जवाब देते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने रणनीति के तहत आरोपों पर कुछ नहीं कहा। इससे उन्होंने बिना कुछ कहे यही संदेश दिया कि विपक्ष निराधार आरोप लगा रहा है। वास्तव में प्रधानमंत्री ने यह कह कर विपक्ष के बुने जाल में फंसने की बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि झूठ और झूठ के हथियार से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। उन्होंने विपक्ष को आइना दिखाने के लिए यूपीए सरकार के समय हुए उन घोटालों का भी जिक्र किया, जो सच में हुए थे। यह सही है कि मोदी सरकार के खिलाफ राहुल गांधी ने तमाम आरोप उछाले थे और प्रधानमंत्री मोदी को भी कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी, लेकिन उनके आरोपों में कोई तथ्य और प्रमाण नहीं था। शायद यही कारण रहा कि उनके वक्तव्य के कुछ हिस्से संसद की कार्यवाही से हटा दिये गये। इतना ही नहीं, निराधार आरोपों से सदन को गुमराह करने की शिकायत करते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया गया। यह तय है कि इस सब पर कांग्रेस यही कहेगी कि उसकी आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि कांग्रेस अथवा अन्य विपक्षी नेता अभी तक यह ऐसा कुछ साबित नहीं कर सके हैं कि तमाम गड़बड़ियों में मोदी सरकार की सहभागिता या सहमति है।

> **एक बार फिर सामने लाकर रख दी विपक्ष की दिशाहीनता**



निःसंदेह विपक्ष अभी भी यही कोशिश करता रहेगा कि सरकार की मिलीभगत से कहीं कोई बड़ा घोटाला हुआ है, लेकिन जब तक नियामक एजेंसियां इस ओर कोई संकेत नहीं करतीं, तब तक उसे कुछ हासिल होनेवाला नहीं है। विपक्ष अपने आरोपों को सही सिद्ध करने की चाहे जितनी कोशिश करे, मोदी सरकार की ईमानदारी और पारदर्शिता पर संदेह नहीं पैदा कर सकता।

प्रधानमंत्री ने लोकसभा की तरह राज्यसभा में जिस प्रकार विपक्ष को निशाने पर लिया, वह इसलिए और आसान हो गया, क्योंकि स्वयं विपक्षी सांसदों ने उनके संबोधन के समय लगातार नारेबाजी करके यही सिद्ध किया कि उनके पास न तो कहने को कुछ है और न ही सुनने को। अपने हंगामे के पक्ष में विपक्षी सांसदों के पास कुछ तर्क हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने खीझ पैदा करने वाली अपनी नारेबाजी से प्रधानमंत्री के इस कथन को सही साबित किया कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। यह कहना कठिन है कि विपक्ष प्रधानमंत्री की किसी नसीहत पर ध्यान देगा, लेकिन उन्होंने यह सही कहा कि जितना कीचड़ उछालोगे, उतना ही कमल खिलेगा। विपक्ष को यह आभास हो जाये, तो अच्छा कि झूठ के पांव नहीं होते। वह अपने अरोपों के पक्ष में कोई ठोस प्रमाण नहीं दे पा रहा है। वास्तव में इसीलिए वह जनता को यह समझाने में भी नाकाम है कि मोदी सरकार घोटालों में लिप्त है। राज्यसभा संसद का उच्च सदन है और यह माना जाता है कि यहां निचले सदन के विपरीत कहीं अधिक धीर-गंभीर चर्चा होती हैं, लेकिन पिछले अनेक अवसरों की तरह से इस बार भी यह धारणा ध्वस्त हुई। विपक्ष का काम केवल अपनी बात कहना ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष की बात सुनना भी है। समझना कठिन है कि वह राज्यसभा में प्रधानमंत्री की बात सुनने को तैयार क्यों नहीं था? इससे भी महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि उसे प्रधानमंत्री के संबोधन के समय खलल डालने से हासिल क्या हुआ?

मोदी के भाषण के बाद साफ हो गया है कि विपक्ष पूरी तरह मुद्दाविहीन हो गया है। यह भारत का दुर्भाग्य है कि वर्तमान विपक्ष का बड़ा समूह अभी भी देश के सामूहिक मनोविज्ञान में आये बदलाव को समझने में विफल है। इस कारण विपक्षी राजनीति को वहां ले जाना चाहते हैं, जिनसे भारत का आमजन आगे निकल चुका है। इस तरह भारत में विपक्ष का व्यवहार निराश करता है। विपक्षी दल और नेता भाजपा को पराजित तो करना चाहते हैं, पर समझ नहीं पा रहे कि किन मुद्दों को लेकर संघर्ष करें और जनता के बीच जायें। कहीं कोई भाजपा को ब्राह्मणवादी या दलित-पिछड़ा विरोधी साबित कर स्वयं को इनका झंडाबरदार बता रहा है, तो कहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निशाने पर ले रहा है। यदि वह यह सोच रहा है कि इससे जिम्मेदार विपक्ष के रूप में उसकी भूमिका अधिक अच्छे से रेखांकित होगी, तो ऐसा होनेवाला नहीं है, क्योंकि उसने अपनी दिशाहीनता ही बयान की। विपक्ष की पूरी रणनीति को प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा में नाकाम किया और फिर राज्यसभा में। उन्होंने इस मामले में विपक्ष के सवालों पर सीधे तौर पर कुछ न कह कर यही संदेश दिया कि इस मसले पर सरकार को नहीं घेरा जा सकता।

---

# राहुल गांधी के संकल्प को पूरा करें भोलेनाथ : अविनाश पांडे



**कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने बाबा बैद्यनाथ से की प्रार्थना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे झारखंड में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का शंखनाद संथाल परगना के साहिबगंज में एक रैली से कर रहे हैं। झारखंड में कांग्रेस भी अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस लाने की कोशिश कर रही है। इस रैली में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली से विमान से देवघर आये कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने द्वादश ज्योतिर्लिंग में बाबा बैद्यनाथ की चौखट पर हाजिरी लगायी। बाबा बैद्यनाथ की पूजा करने के बाद मंदिर परिसर में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी कन्या कुमारी से कश्मीर तक पूरे देश को एक करने, लोगों को मजबूती और विश्वास दिलाने के मकसद से जिस संकल्प को लेकर चले हैं, बाबा भोलेनाथ उनके मंसूबे को सफल करें। उन्होंने कामना की है कि झारखंड का विकास हो।

## बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे कांग्रेस विधायक इरफान, बोले- दर्शन करने आया हूं

देवघर (आजाद सिपाही)। इडी से परेशान जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ के दरबार पहुंचे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संग मंदिर पहुंचे डॉ इरफान ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ पर उनकी आस्था है, देवघर ही उनका घर है। वह चुनाव में नामांकन करने जाने से पहले और चुनाव जीतने के बाद मंदिर आकर शीश नवाते हैं। विधायक इरफान ने मीडिया के समक्ष हाथ उठाया और कहा कि इस बार वह यहां पूजा करने के लिए अंदर नहीं जा रहे हैं। पिछली बार पूजा की थी, तो इसे राजनीतिक रंग दे दिया गया था, लेकिन लोगों को बताना चाहते हैं कि जब भी मन अशांत होता है, तो वह बाबा के दरबार में जरूर आते हैं। इडी से लगे आरोप के सवाल पर डॉ इरफान ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ सभी आरोपों से मुक्त कर देंगे। उनसे कामना कर रहा हूं कि वह उन पर लगे सारे आरोप को निराधार कर दें, क्योंकि जो आरोप लगे हैं, उन सभी का जवाब इडी को दे दिया है। तीन विधायक पर जो 47-48 लाख रुपया का आरोप लगाया गया है, उस सबका हिसाब तीनों विधायकों ने इडी को दे दिया है। उनके पास पेट्रोल पंप का पैसा था।

### गुमानी में होगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का पहला कार्यक्रम

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का झारखंड में पहला कार्यक्रम संथाल परगना के गुमानी में शनिवार को हो रहा है। भव्य रैली के माध्यम से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरूआत यहां की जा रही है। इस रैली की सफलता की भी कामना की है। दिल्ली से देवघर एयरपोर्ट पर उतरते ही कांग्रेस के वरीय नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी, अविभाजित बिहार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता कृष्णानंद झा, 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश के अलावा प्रदेश के कई वरीय नेताओं ने उनकी अगवानी की। बाबा की पूजा करने के बाद प्रदेश प्रभारी सड़क मार्ग से गोड्डा के रास्ते गुमानी के लिए प्रस्थान कर गये।

# 15 लाख के इनामी नक्सली दुर्योधन महतो ने रांची में किया सरेंडर

**नक्सली धनबाद के तोपचांची स्थित गेंदनावाडीह का निवासी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की रीजनल कमेटी के सदस्य दुर्योधन महतो उर्फ मिथिलेश सिंह उर्फ बड़ा बाबू उर्फ बड़का दा ने शुक्रवार को रांची में पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित है। वह धनबाद के तोपचांची स्थित गेंदनावाडीह का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, ऑपरेशन नयी दिशा से प्रभावित होकर मिथिलेश ने सरेंडर करने का मन बनाया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के संपर्क में आया। इसी के तहत उसने रांची रेंज के आइजी कार्यालय में सरेंडर किया। इस दौरान आइजी अभियान एवी होमकर रांची रेंज के आइजी पंकज कंबोज सहित राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के कई आला अधिकारी मौजूद थे।




बताया गया है कि उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी के अंतर्गत ऊपरघाट, झुमरा पहाड़, विष्णुगढ़ और रामगढ़ के क्षेत्र (इसे जिलगा सबजोन कहते हैं) की कमान दुर्योधन के जिम्मे थी। वह 90 के दशक में छात्र संगठन से जुड़ कर माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। संगठन में समय गुजरने के साथ उसका ओहदा बढ़ता गया। वर्ष 2001 में उसे झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बना दिया गया। दुर्योधन जेल से साल 2013 में बाहर निकलने के बाद संगठन से माफीनामा लेकर दोबारा शामिल हो गया था। साल 2018 में उसे फिर से झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बनाया गया और जिलगा सबजोन का जिम्मा दिया गया। मिथिलेश कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। खासकर झुमरा पहाड़ पर बने सीआरपीएफ कैंप पर हमला और खासमहल के सीआइएसएफ बैरक पर हमला कर हथियार लूट की घटना में सुर्खियों में मिथिलेश का नाम आया था। इसके अलावा वर्ष 2003 में चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर स्थित पुलिस थाना में हमला कर करीब दो दर्जन हथियार लूट लिये थे। मिथिलेश पर झारखंड के विभिन्न जिलों में 104 मामले दर्ज हैं। बोकारो में 58, चतरा में पांच, सरायकेला खरसावां में चार, खूंटी में तीन, चाईबासा दो, हजारीबाग में 26, धनबाद में एक और गिरिडीह में पांच मामले दर्ज हैं।

## हाइकोर्ट में देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा शुरू करने के मामले हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश सिंह और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में शुक्रवार को देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा शुरू करने को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि एयरपोर्ट के आसपास जिन लोगों का घर टूट रहा है, उन्हें मुआवजा दिया जाये। साथ ही अदालत ने डीजीसीए को यह निर्देश दिया है कि वह घरों को तोड़ने का आदेश पारित करे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जलाना ने बहस की। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हाइकोर्ट में अवमानना वाद दाखिल की है, जिसमें उन्होंने देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा को जल्द शुरू करने की मांग की है।

# बालिका हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेल एवं युवा मामले, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश और दिल्ली में आयोजित 5वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के हॉकी मैच (बालिका) का फाइनल मैच शुक्रवार को ग्वालियर में खेला गया। पयर्टन, कला, संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के अधीनस्थ भाग लेते हुए झारखंड की बालिका हॉकी टीम ने फाइनल में मध्यप्रदेश को पेनल्टी में 4-3 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। बालिका टीम की इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, उपनिदेशक खेल साझा देव शंकर दास, हॉकी इंडिया के भोला सिंह, चीफ डी मिशन उमेश लोहरा, मुख्य प्रबंधक संतोष कुमार, खेल परामर्शी देवेंद्र सिंह ने हॉकी बालिका टीम की सदस्यों को बधाई दी है। टीम की खिलाड़ियों रजनी केरकेट्टा, प्रमोद्नी लकड़ा, नीरू कुल्लू, रश्मि होरो, निक्की कुल्लू, अंकिता डुंग डुंग, बिनिमा धान, एडलिन बागे, फुलमनी भेंगरा, सेलेस्टीना होरो, संजना होरो, बालो होरो, निशा मिंज, संगीता, अनुपमा होरो, पूर्णिमा बरवा, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो के अलावा टीम कोच, मैनेजर झ मनोहर टोपनो, प्रतिमा, संतोष कुमार, हिमांशु, आदम होरो को भी बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

G20 भारत 2023 INDIA

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. स. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18221211 | टी 524 एफ: रिजर्वेशन/कैंसलेशन रेक्रिसिशन फॉर्म | 25000 THSND | 10-03-23 |
| 02 | 11222024 | मैन्युअल मेटल ए आर सी वैल्डिंग इलेक्ट्रोड्स क्लास ए-2 | 220893 एम टी आर | 13-03-23 |
| 03 | 11222026 | मैन्युअल मेटल ए आर सी वैल्डिंग इलेक्ट्रोड्स क्लास ए-3 | 192394 एम टी आर | 13-03-23 |
| 04 | 07220028 | लेवलिंग वाल्व फॉर एयर स्प्रिंग सस्पेंशन बोगीज | 763 नग | 20-03-23 |
| 05 | 77235066 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ़ फेरो मॉलीब्डेनम | 7.8 एम टी | 22-03-23 |
| 06 | 09232161 | फैब्रिकेटेड हैंड ब्रेक व्हील | 4674 नग | 23-03-23 |
| 07 | 77235062 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ़ कैल्शियम फ्लोराइड | 42.19 एम टी | 29-03-23 |
| 08 | 77235015 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ़ गैल्वेनाइज्ड प्लेट स्क्रू | 51467 नग | 29-03-23 |
| 09 | 09232185 | सेफ्टी स्ट्राप फॉर पुश रोड | 25991 नग | 03-04-23 |
| 10 | 11222055 | सॉलिड मिग/मैग वेल्डिंग फिलर वायर | 23019 किलोग्राम | 15-05-23 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 85/2022–2023 दिनांक 10.02.2023 436/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

www.epaper.azadsipahi.in

11 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 114

सदन के भीतर रिकॉर्डिंग का आरोप, कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल को राज्यसभा से किया निलंबित






## लखनऊ में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल हुए पीएम

# पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाला पहला प्रदेश होगा उत्तरप्रदेश : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2017 में सत्ता परिवर्तन के बाद उत्तरप्रदेश (यूपी) को नयी पहचान मिली है। यूपी से लोग निराश हो चुके थे, पर अब प्रदेश की पहचान गुड गवर्नेंस है। डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। बहुत जल्द यूपी देश के उस इकलौते राज्य के रूप में जाना जायेगा, जहां पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ यूपी में सरकारी सोच और अप्रोच में इज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर सार्थक बदलाव आया है। आज यूपी एक आशा, एक उम्मीद बन चुका है। प्रधानमंत्री लखनऊ में आयोजित यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में बोल रहे थे।

**भारत की समृद्धि में दुनिया की समृद्धि निहित है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की हर विश्वसनीय आवाज यह मानती है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ती रहेगी। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है भारतीयों का खुद पर बढ़ता भरोसा। आज भारत का हर नागरिक ज्यादा से ज्यादा विकास होते देखना चाहता है, वह अब भारत को जल्द से जल्द विकसित होते देखना चाहता है। ये जन आशाएं ही विकास के कार्यों में गति ला रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत में सोशल, डिजिटल और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो काम हुआ है, उसका बड़ा लाभ यूपी को भी मिला है। हमने दर्जनों पुराने कानूनों को खत्म किया है और आज भारत सही मायनों में स्पीड और स्किल के रास्ते पर चल पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक तरफ डबल इंजन सरकार का इरादा और दूसरी तरफ संभावनाओं से भरा उत्तर प्रदेश, इससे बेहतर साझेदारी हो ही नहीं सकती। भारत की समृद्धि में दुनिया की समृद्धि निहित है।



## प्रधानमंत्री ने दो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दो नयी वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। ये ट्रेनें मुंबई से साईंनगर शिरडी और मुंबई- सोलापुर के लिए चलायी जायेंगी। इसके बाद महाराष्ट्र में वंदे भारत ट्रेनों की संख्या चार हो जायेंगी, जबकि देश में अब कुल 10 रूट पर यह ट्रेन चल रही है। इस मौके पर मोदी ने कहा कि आज देश में आधुनिक ट्रेनें चलायी जा रही हैं। मेट्रो का विस्तार हो रहा है। मेट्रो और पोर्ट बनाये जा रहे हैं। देश के बजट में भी इसी भावना को सशक्त किया गया है। भारत के इतिहास में पहली बार दस लाख करोड़ रुपये सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए रखे गये। इसमें भी रेलवे का हिस्सा ढाई लाख करोड़ रुपये हैं। मुंबई से शिरडी और मुंबई से सोलापुर के बीच चलायी गयीं वंदे भारत ट्रेनों के साथ ही अब इस कैटेगरी की कुल 10 ट्रेनें हो गयी हैं। इससे पहले मुंबई-गांधीनगर, नयी दिल्ली-वाराणसी, नयी दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, गांधीनगर-मुंबई, नयी दिल्ली-अंब अंदौरा, चेन्नई-मैसूर, नागपुर-बिलासपुर, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी, सिकंदराबाद-विशाखापट्टनम रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलायी गयी हैं।

## सूरज का बड़ा हिस्सा टूटा, कम्युनिकेशन पर असर पड़ने की आशंका

**नयी दिल्ली।** सूर्य का एक बड़ा हिस्सा अपनी सतह से टूट गया है और अब एक बवंडर की तरह उसके चारों ओर चक्कर लगा रहा है। इससे साइंटिस्ट हैरान हैं। वे पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह कैसे हुआ। इस घटना को नासा के जेम्स वेब टेलिस्कोप ने रिकॉर्ड किया है। इस वीडियो को पिछले हफ्ते स्पेस वेदर फोरकास्टर डॉ तमिता स्कोव ने ट्विटर पर शेयर किया था। सूरज से सोलर फ्लेयर्स (हाई एनर्जी रेडिएशन) निकलती रहती हैं। इससे धरती पर कम्युनिकेशन पर असर पड़ता है, इसलिए वैज्ञानिकों को चिंता सता रही है कि इस बार तो सूर्य का एक हिस्सा टूट कर अलग हुआ है। साइंटिस्ट ये समझने की कोशिश कर रहे हैं कि इस लेटेस्ट डेवलपमेंट का धरती पर क्या असर होगा।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन




मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय कांके रोड में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन एवं टाटा स्टील के अन्य वरीय अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# आज झारखंड आयेंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

- साहिबगंज के गुमानी से करेंगे हाथ-से-हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार यानी 11 फरवरी को झारखंड आ रहे हैं। वह साहिबगंज के गुमानी से हाथ-से-हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत करेंगे। इस अभियान की शुरूआत को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस अभियान की शुरूआत कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारी शामिल होंगे। गुमानी मैदान का मंत्री आलमगीर आलम ने शुक्रवार को जाजया भी लिया है। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा झारखंड के सभी कांग्रेसी मंत्री, विधायक और जिलाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।



**10 बजे दुमका पहुंचेंगे :** तय कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सुबह 10 बजे दुमका पहुंचेंगे। यहां से हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल तक जायेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रणव झा के मुताबिक 26 जनवरी से कई राज्यों में कांग्रेस का हाथ-से-हाथ जोड़ो अभियान शुरू हो चुका है। झारखंड में इसकी शुरुआत 11 फरवरी से की जायेगी। साहिबगंज के बरहरवा से इस अभियान की शुरूआत करने को लेकर प्रवक्ता प्रणव झा ने कहा कि ज्यादातर योजनाएं राजधानी से शुरू होती हैं, लेकिन दुमका भी राज्य की उपराजधानी है। इसलिए यहां से कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी और राहुल गांधी के संदेश को पूरे देशभर में पहुंचायेंगे।

**जनसभा को भी संबोधित करेंगे केंद्रीय अध्यक्ष :** साहिबगंज से शुरू होने जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में शामिल होने प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय देवघर पहुंच चुके हैं। उधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत तामामा नेताओं का देवघर और दुमका पहुंचना शुरू हो गया है। कार्यक्रम में मल्लिकार्जुन खड़गे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रदेश के नेता जनसभा को सफल बाने में जुटे हैं।

# हाइकोर्ट का निर्देश : रांची में रात 10 बजे के बाद नहीं बजेगा लाउडस्पीकर

## जरूरत पड़े तो एफआइआर दर्ज करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में शुक्रवार को रांची में प्रदूषण को लेकर स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर शपथ पत्र दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगायी। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि रात में 10 बजे के बाद किसी भी हालत में रांची शहर में लाउडस्पीकर नहीं बजना चाहिए। इस संबंध में अगर जरूरत पड़े तो एफआइआर दर्ज की जाये।

कोर्ट ने रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी एवं नगर आयुक्त को कहा कि वे मिल कर यह देखें की ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हो रही है या नहीं। ध्वनि प्रदूषण रोकथाम के संबंध में कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। सुनवाई के दौरान रांची डीसी , रांची एसएसपी एवं डिप्टी नगर आयुक्त कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए।



कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं? इस संबंध में कोर्ट को जानकारी नहीं दी गयी है, जबकि कोर्ट ने पिछली सुनवाई में सरकार को ध्वनि प्रदूषण के लिए उठाये गये कदम के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा था। इस पर रांची डीसी की ओर से कहा गया कि हाइकोर्ट के आसपास एवं अशोकनगर में साइलेंस जोन को लेकर होडिंग लगाये गये हैं। ध्वनि प्रदूषण को लेकर आठ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

कोर्ट ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण की समस्या पूरे रांची में है। इसलिए पूरे शहर में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 मार्च निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची डीसी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति से छूट प्रदान की।

# पूजा सिंघल को दो महीने की अंतरिम जमानत मिली

## सुप्रीम कोर्ट ने बेटी के इलाज के नाम पर दी सशर्त जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने मनरेगा घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को एक बार फिर बड़ी राहत दी है। अदालत ने शुक्रवार को 2 महीने की सशर्त अंतरिम जमानत दी है। इसके पहले पूजा सिंघल को मेडिकल ग्राउंड के आधार पर एक महीने की अंतरिम जमानत मिली थी। अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने से पहले पूजा सिंघल ने 4 फरवरी को रांची की पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया था।

**जमानत अवधि बढ़ाने की दायर की थी याचिका :** पूजा सिंघल ने जमानत अवधि बढ़ाने की सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। पूजा सिंघल की ओर से अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने की मांग की गयी थी। कोर्ट में बेटी के इलाज से संबंधित दस्तावेज की जांच के लिए



इडी को तीन दिनों का समय दिया था। इसके बाद इस मुद्दे पर विचार करने के लिए 10 फरवरी की तिथि निर्धारित की गयी थी। जिस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई।

**प्राथमिकी दर्ज करने पर विधि विभाग की सहमति :** इधर, विधि विभाग ने पूजा सिंघल पर प्राथमिकी दर्ज करने पर अपनी सहमति दे दी है। विभाग ने इडी द्वारा भेजे गये दस्तावेज की जांच के बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। विधि विभाग की राय पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्तर से अब लिया जाना है। सीएम द्वारा आदेश दिये जाने के बाद पूजा सिंघल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जायेंगी।

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पढ़ा पुराना बजट

- इतिहास में पहली बार बजट भाषण के दौरान सदन स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में सरकार का बजट पेश होने से पहले ही विपक्ष ने भारी हंगामा किया है। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अपने तीसरे कार्यकाल का आखिरी बजट पेश करने के दौरान विपक्ष ने भाषण शुरू होने के साथ ही हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने बजट लीक किया है और मुख्यमंत्री ने बजट की पुरानी लाइनें पढ़ीं हैं।

वहीं, इधर भारी हंगामे के बाद विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आ गये और विपक्ष के हंगामे को देखते हुए स्पीकर सीपी जोशी ने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी है।

बताया जा रहा है कि राजस्थान विधानसभा के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान पहली बार सदन की कार्यवाही स्थगित की गयी है।



गौरतलब है कि सीएम गहलोत ने अपना बजट भाषण शुरू करते ही कहा कि कर्म में अगर सच्चाई है तो कर्म सफल होगा, हर एक संकट का हल होगा, आज नहीं तो कल होगा। वहीं इसके बाद सीएम ने बजट घोषणाओं को पढ़ना शुरू किया।

दरअसल, राजस्थान विधानसभा सदन में सीएम अशोक गहलोत सुबह 11 बजे बजट भाषण पढ़ना शुरू किया और थोड़ी ही देर बाद वह बजट पढ़ते पढ़ते अटक गये। गहलोत ने 125 दिन शहरी रोजगार गारंटी योजना की जानकारी बजट में आते ही गलती का एहसास हुआ।

इस दौरान मंत्री महेश जोशी ने सीएम के पास जाकर यह गलती बतायी और इस पर सीएम ने माफी मांगते हुए कहा कि गलती हो जाती है। वहीं, इधर विपक्ष ने सवाल पूछा कि बजट के पेपर में पुराने बजट के कागज कैसे आ गये। भाजपा नेता गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि सीएम ने पुराना बजट भाषण पढ़ा है।



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## डीएवी में सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की कार्यशाला



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में सीबीएसई पटना के निर्देशन में कोडरमा जिले के सीबीएसई से मान्यता प्राप्त शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीबीएसई से संबद्ध सात विद्यालयों के 125 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला फाइनेंशियल लिटरेसी एंड यूज ऑफ डिजिटल टूल्स विषय पर आधारित थी। मौके पर विद्यालय की शिक्षक प्रभारी सह सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक ने कोडरमा जिले से आए हुए विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक गान से हुआ। मौसुमी मल्लिक ने मनीष कुमार सिंह प्राचार्य संस्कार इंटरनेशनल स्कूल बेकोबार, प्राचार्य विक्रम कुमार आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल एवं संसाधक देवाशीष बंधोपाध्याय को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सीबीएसई सभी विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षण के क्षेत्र में नई-नई शिक्षण प्रणाली व तकनीकों को शिक्षण की प्रक्रिया में सुगम व सरल बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित करती है जिससे शिक्षण में नवाचार की गतिविधियों को समाहित किया जा सके। सीबीएसई की इस प्रशिक्षण कार्यशाला में कोडरमा जिले के सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल, मेरिडियन एकाडमी पब्लिक स्कूल, एप्रिशिएबल पब्लिक स्कूल परसाबाद, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल बेकोबार, पीवी एसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, सैक्रेड हर्ट पब्लिक स्कूल व कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षकों ने भाग लिया। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ।

## मरकच्चो में फाइलेरिया बिलोपन कार्यक्रम शुरू



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय भेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के आँगनवाड़ी केंद्र संख्या 24 भोजपुर मे फाइलेरिया बिलोपन कार्यक्रम एम डी ए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख विजय कुमार सिंह ने डीईसी एवं एलवेण्डाजोल की दवा खाकर व मौजूद कर्मियों को दवा खिला कर किया। इस कार्यक्रम का प्रखंड के 164 बूथों पर आयोजन किया गया है। प्रखंड मे 147949 लोगो को दवा खिलाने का लक्ष्य है। 11 फरवरी से डोर टू डोर जाकर दवा खिलाना है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा, धर्मेंद्र राम, विवेकानंद शर्मा, मॉनिटर अरुण कुमार, संजुला कुमारी, लिपिक जयप्रकाश सिंह, बूथ सुपरवाइजर मुकेश कुमार, पप्पू राणा, अर्जुन यादव, इद्रदेव पांडेय, सहिया मुन्नी कुमारी, पोषण सखी सविता देवी, सतेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## सास से हुई कहा सुनी, बहू ने फांसी लगा कर दी जान


**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र मरकच्चो के पंचायत जामू स्थित ग्राम बिंडा में 10 फरवरी को 24 वर्षीया विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान अभिनाश कुमार साव उर्फ पप्पू साव की 24 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार सास बहू में दो दिनों से कहा सुनी हो रहा था। 10 फरवरी को भी खाना बनाने को लेकर हल्की कहासुनी हुई जिसके बाद बहु प्रीति कुमारी ने अपने कमरे में जाकर साड़ी के सहारे पंखे से लटक कर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना दिन के लगभग 11 बजे की है। मृतक के घर के बगल की एक महिला ने अपने घर से उसके खुले खिड़की से देखा कि साड़ी से फाँसी लगाए महिला लटक रही है उसके बाद हल्ला की। ततपश्चात आसपड़ोस के लोग आये और महिला को फाँसी के फंदे से उतार कर कही ले जाने की व्यवस्था करते तब तक युवती की जान जा चुकी थी। फाँसी लगा लेने की सूचना मरकच्चो पुलिस को दिया गया। सूचना पाकर मरकच्चो थाना के एसआई उत्तम कुमार बैध, अनिल टोपो अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुँचे एवं शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया मृतक का पति अभिनाश कुमार साव मुम्बई में टैम्पू चलाता है। मृतका का नैहर गिरिडीह जिले के मालदा बादी डीह है। उसे दो लड़के 5 वर्ष का केशव कुमार साव व दूसरा 1 वर्ष का ऋषभ कुमार है। मृतक अपने दोनों छोटे बच्चे के साथ ससुर बद्री साव व सास देवंती देवी के साथ रहती थी।

## नये थाना प्रभारी के रूप मे द्वारिका राम ने लिया पदभार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना के नए प्राभारी के रूप में द्वारिका राम ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद बतौर थाना प्रभारी उन्होंने थाने में अपना कार्यभार संभाल लिया। कोडरमा थाना में थाना प्रभारी का पद ग्रहण करने के बाद द्वारिका राम ने कहा कि समाज के आम से लेकर खास सभी तबके के लोगों को साथ लेकर, शांति व्यवस्था बरकरार रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ पुलिस के प्रति लोगों के विश्वास को कायम रखने का प्रयास किया जाएगा। प्रभारी थाना प्रभारी श्याम लाल यादव ने फूल देकर द्वारिका राम का स्वागत किया। मौके पर एसआई दिलीप कुमार झा, इकबाल हुसैन, कुदंन कुमार आदि उपस्थित थे।

## ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मिला प्रशिक्षण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में 10 फरवरी को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्राम फेज दो के अंतर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिये आंकड़ा संग्रह एवम क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड के मुखिया, जलसहिया, बीपीएम, जेएसपीएल, बीपीओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक, प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, प्रशिक्षक सहायक अभियंता धर्मनाथ राम, कनीय अभियंता दीपक कुमार, प्रमंडलीय लिपिक अरविंद कुमार सिंह, जिला समन्वयक एसएलडब्लूएम सुमन कुमारी, जिला समन्वयक आईईसी दीपक कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण में गांव को साफ रखने, कचरा इकट्ठा कर नष्ट करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मुखिया बेदु साव, रंजीत कुमार सिंह, नीता कुमारी, पूनम कुमारी, उषा देवी, टिपन पासी, केदार यादव, चिंता कुमारी आदि प्रखंड के मुखिया व जल सहिया मौजूद थे।

## नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट में सपही ने मैच जीता

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ढोढाकोला पंचायत अंतर्गत कुशहना गांव में साइनिंग स्टार यूथ क्लब के युवाओं के द्वारा समर्पण के सहयोग से नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल - 8 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, पंचायत की मुखिया सीता देवी, उप मुखिया रामू सिंह, पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, समर्पण संस्था के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा, महादेव सिंह, उमेश कुमार, समाजसेवी दिनेश सिंह, युवा नेता अजीत लाल वर्णवाल ने संयुक्त रूप से खेल कार्यक्रम का उदघाटन किया। शान्ति प्रिया ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब पंचायत में युवाओं की भागीदारी दिख रही है ऐसे में युवाओं के नेतृत्व से समाज में एक सकारात्मक विकास सम्भव होगा। पंचायत की मुखिया ने कहा कि स्वस्थ शरीर और मानसिक विकास में खेल की बहुत अहम भूमिका होती है एवं इससे टीम वर्क व लीडरशिप की भावना बढती है। समर्पण के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा ने कहा कि वर्तमान में खेल जगत में भी रोजगार के कई सम्भावनाएं हैं, बस हम सभी को आगे बढ़ने व प्रयास करने की जरुरत है।

## झुमरीतिलैया में जिला परिषद की दुकानों को खाली कराने के लिए चलेगा बुलडोजर

**संजीव**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के तहत सीएच स्कूल रोड में जिला परिषद द्वारा निर्मित लगभग 34 दुकानों को तोड़ने की नोटिस दी गई है। नोटिस में 11 फरवरी तक दुकानों को खाली करने को कहा गया है। अन्यथा 12 फरवरी से इन दुकानों को बुलडोजर चलाकर तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इस मामले को लेकर दुकानदारों ने जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता को आवेदन दिया। शालिनी गुप्ता ने शुक्रवार को सीएचएस स्कूल रोड पहुंचकर दुकानदारों की बात सुनी और इस मामले में कोडरमा उपायुक्त से बात करने की बात कही। बता दें कि डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर योजना को क्रियान्वित करने के लिए इन दुकानों को तोड़ने का नोटिस रेलवे के द्वारा पूर्व में ही लोगों को दिया गया था। तब इन्होंने मुआवजे की मांग की थी और इन्हें आश्वासन दिया गया था कि प्रत्येक दुकानदारों को मुआवजा के तौर पर प्पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। किंतु अब कहा जा रहा है कि रेलवे ने जिला परिषद को मुआवजा के तौर पर 68 लाख रुपये दे दिए हैं। दुकानदारों को केवल 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मौके पर पहुंची जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने बताया कि पूर्व में रेलवे द्वारा दुकानदारों को जो राशि देने की बात कही गई थी वह नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर मैं उपायुक्त से बात करूंगी। यह सभी दुकानदार लगभग 32 वर्षों से अपना व्यवसाय कर आजीविका चलाते आ रहे हैं। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के अगर इनकी दुकानों को तोड़ दिया जाएगा तो इनके रोजगार खत्म हो जाएंगे और सड़क पर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे ने जिला परिषद को जो राशि दी से उससे बची दुकानों के ऊपर और दुकानें बनाकर उन्हें शिफ़्ट किया जाना चाहिए ताकि कोई बेरोजगार न रहे। जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष को दिए गए आवेदन में रामाकांत प्रसाद गुप्ता, जवाहर प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र यादव, कृष्ण कुमार, इंद्रदेव यादव, मुरली मोदी, पंकज कुमार, अरुण कुमार, लक्ष्मण यादव, चंद्रशेखर राय, मोहम्मद अख्तर, संत कुमार समेत अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

# अनियंत्रित मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरायी, मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चरही।** चरही घाटी में शुक्रवार को दो पहर में हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहे एक मोटरसाइकिल जेएच 02बीके 9354 सवार का संतुलन बिगड़ जाने के कारण डिवाइडर में जोरदार टकराने से सामने बिजली का पोल में टकराने से सर पर गहरा चोट के कारण मौके पर चालक को मौत हो गया चरही पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे कर परिजनों को सुचना कर तमाम कागजात को पुरा कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग बेजा गया है। इधर परिजनों ने मौत का खबर पाते ही मातम छा गया और रोरो कर बुरा हाल है।

## कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कार्य बाधित होने पर एनटीपीसी ने जतायी चिंता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केरेडारी।** प्रखंड के पांडु गाँव में निर्माणधीन एल.एंड.टी कंवेयर बेल्ट के निर्माण कार्य को पिछले करीब बिस दिनों से कुछ लोगों के निजी स्वार्थ के चलते बंद कर रखा है। कन्वेयर बेल्ट के कार्य को बंद करने का सबसे ज्यादा नुकसान भी ग्रामीणों को हो रहा है। एनटीपीसी एवं एल.एंड.टी के अधिकारियों द्वारा लगातार ग्राम वासियों को समझाया जा रहा लेकिन एनटीपीसी का कहना है की कुछ स्वार्थी लोग अपने मतलब के लिए गरीब मजदूरों कि जीविका को दांव पर लगा कर राजनीति कर रहें हैं। सरकारी कार्य में अवैध तरीके से बाधा उत्पन्न करना गैर कानूनी है एवं राष्ट्रीय हित की भी हानि है। एनटीपीसी सदैव ही ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रख कर ही कार्य करती है। इस समय भी ग्रामीणों को कच्चा एवं झूठे सपने दिखा कर बहकाया जा रहा है। राज्य सरकार के नियमों के तहत 24 लाख रूपय प्रति एकड़ सी.बी.ए के अंतर्गत ही भूमि का मुआवजा एनटीपीसी द्वारा किया जा रहा है। एनटीपीसी केरेडारी द्वारा पांडु टोला के घरों का भी भुगतान जारी है। परियोजना नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत लोगों के स्वरोजगार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी पूर्ण रूप से अपनी जिम्मेदारी को निभा रही है। एनटीपीसी केरेडारी प्रखंड में स्कूल बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। लोगों के निजी स्वार्थ के कारण यहां के क्षेत्र का विकास में भी अवरोधन हो रहा है। एल एण्ड टी को भी प्रतिदिन लाखों रूपय का नुकसान हो रहा है एवं जनवरी माह में 10 करोड़ रू की लागत की क्रेन को भी जलाया गया था। जिससे निर्माण कार्य में भी क्षति हुई है।

## कर्माबेड़ा गांव में 1.11 करोड़ की लागत से बनेगी पक्की सड़क, ग्रामीणों में हर्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चरही।** चुरचू प्रखण्ड की इंद्रा पंचायत अंतर्गत अति पिछड़ा आदिवासी गांव कर्माबडा में शंकर मुर्मू के घर से फौजी होटल एनएच -33 तक लगभग एक किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण डीएमएफटी मद से एक करोड़ ग्यारह लाख बारह हजार नौ सौ सत्तर रुपये की लागत से होगा। यह ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा कार्य कराया जायेगा । पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति का भूमिका अहम :- ज्ञात हो कि 5 अगस्त 2021 को पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को उक्त कमार्बेडा गांव में शंकर मुर्मू के घर से फौजी होटल एन एच -33 तक पक्की सड़क निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा था ग्रामीण विकास मंत्री के दिये ज्ञापन के आलोक में हजारीबाग उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को भी उक्त सड़क की स्वीकृति के लिए पत्र के माध्यम से अवगत किया गया। तत्पश्चात उक्त सड़क की स्वीकृति मिली। 10 फरवरी को ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग से टेंडर प्रकाशित हुआ है । कमार्बेडा गांव का पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष, मिठाई बांटे:- कमार्बेडा में शंकर मुर्मू के घर से फौजी होटल एनएच -33 तक पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति के सफल प्रयास को ग्रामीणों ने सराहना किया। हर्ष व्यक्त करने वालों में समाजसेवी आनंद सोरेन, इंद्रा मुखिया राधिका देवी, पूर्व मुखिया दसरथ महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा, मांझी हाड़ाम झरी मांझी, नायके हाड़ाम रघु मुर्मू, युवा समाजसेवीअनुराग मुर्मू, समाजसेवी रीतलाल हांसदा, बिनोद किस्कु, पूर्व वार्ड सदस्य फागु सोरेन, वर्तमान वार्ड सदस्य शीतल टुडू, होपन सोरेन, शंकर मुर्मू, पतिलाल सोरेन, धानो मांझी, विश्वनाथ मांझी, चरकु सोरेन, अनिल मुर्मू, बिककी सोरेन, चार्लिश मुर्मू, साहिल सोरेन, सुरेश मांझी, प्रियंका देवी, पुष्पा हेम्ब्रम, सोनपती मुर्मू, मोनिका मरांडी, सोमरा सोरेन, राजेश मांझी, कमल मुर्मू, जोहन मुर्मू, रामदेव सोरेन, महेश सोरेन, धनीराम सोरेन, देवनाथ, होपन सोरेन, होपना सोरेन सहित अन्य शामिल है।

## वन सुरक्षा समिति का हुआ गठन



**पदमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को चंपाडीह ग्राम दुर्गा मंडप प्रांगण में आम सभा का बैठक बुलाया गया। बैठक रोमी पंचायत के उपमुखिया नीतू कुमारी तथा संचालन पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी के द्वारा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से वन सुरक्षा को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में ग्रामीणों के सर्वसम्मति से रामलखन मेहता को अध्यक्ष व तारा देवी को उपाध्यक्ष तथा 18 लोगो को सदस्य बनाया गया, कुल 20 लोगो की समिति बनायी गयी। इस मौके पर वन रक्षित बिरेंद्र कुमार, समाजसेवी प्रेम मेहता, रामलखन मेहता, शिवकुमार मेहता, बद्री प्रसाद मेहता, विनय कुमार मेहता, राजेश मेहता, किशोरीनंदन गुप्ता, किशोरी प्रसाद मेहता, किरण देवी, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, रीता देवी, रेखा देवी, गीता देवी, कौशल्या देवी, सुखदेव महतो, पुरुषोत्तम कुमार, केदार महतो, कैलाश महतो व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्राम होरम में श्री श्री 1008 शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठा रूद्रयज्ञ के भूमि पूजन में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम होरम में श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा रूद्र यज्ञ के भूमि पूजन कार्यक्रम दिनांक 10 फरवरी दिन गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गांव की भ्रमण शोभायात्रा में शामिल हुए। इसी दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। छह दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठा रूद्र यज्ञ दिनांक 10 मार्च दिन शुक्रवार प्रातः 08 बजे से बाजे गाजे से जलशोभा यात्रा, 11 मार्च दिन शनिवार - पञ्चाङ्ग पुजन यज्ञ मण्डप प्रवेश यज्ञ मण्डप पुजन आर्णिमंथन हवन क्रमकुटि , 12 मार्च दिन रविवार मण्डप पुजन हवन, जल धिवास अन्नाधिवास,महास्नान, नगर भ्रमण श्याधिवास दिनांक 13.03.2023 दिन सोमवार- प्राण प्रतिष्ठा प्रथम आरती दर्शन दिनांक 14.03.2023 दिन मंगलवार मण्डप पुजन हवन एवं शिव हनुमान अण्कुट दिनांक 15.03.2023 दिन बुधवार हवन एंव दिनांक 16.03.2023 दिन बृहस्पतिवार मण्डप पुजन, हवन आरती, यज्ञ पुणहुति,भव्य भण्डारा विदाई एवं भक्ति जागरण संध्या 7 बजे से यज्ञ का नित्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत, पूर्व मुखिया भीखन महतो, सुनीता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,जयप्रकाश नारायण सिंह ,पूजा अध्यक्ष खिरोधर महतो ,सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष होरिल महतो, उपाध्यक्ष सुरेश महतो, उपसचिव रामचंद्र कुमार, संगठन मंत्री राजेंद्र राणा, उप संगठन मंत्री द्वारका महतो, राजेंद्र कुमार, पूजा समिति के सदस्यों में हेमलाल कुमार ,ईश्वर महतो, मुंशी महतो, विमल महतो, आकाश कुमार, किशोर कुमार, अशोक कुमार, वीरेंद्र महतो, रमेश महतो, अजय कुमार, रामेश्वर महतो, महेंद्र महतो, अमरलाल कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनोज महतो, योगेंद्र महतो, भुनेश्वर महतो, केदार महतो, रोहित कुमार ,नरेंद्र महतो, जितेंद्र कुमार, रामेश्वर कुमार, पंकज कुमार, राजकुमार पटेल, जागे महतो, विजय कुमार, शंकर कुमार के अलावा सैकड़ों ग्रामीण झंडा रोपण कार्यक्रम में शामिल थे।

## ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में फ्री वार्षिक टेस्ट सीरीज का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया के बगल स्थित ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के द्वारा 12वीं के साइंस के छात्रों के लिए वार्षिक टेस्ट सीरीज जैक पैटर्न पर ऑब्जेक्टिव एवं सब्जेक्टिव आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया है इस टेस्ट सीरीज में जैक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित, जीवविज्ञान, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर साइंस इत्यादि सभी विषयों का टेस्ट लिया जायेगा। इस टेस्ट सीरीज का परीक्षा 1 फरवरी से लेकर 14 मार्च तक लिया जायेगा । ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस का संस्थापक सह निर्देशक सुनील कुमार ने बताया कि इस टेस्ट सीरीज का मुख्य उद्देश्य जैक बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रति तैयार करना, समय मैनजेमेंट को सीखना, परीक्षा पैटर्न के प्रति जागरूक कराना, परीक्षा दबाव या डर को हटाना, रिजल्ट को बेहतर बनाना, अध्यन की और रूचि पैदा कराना इत्यादि ।इस टेस्ट सीरीज में इंस्टिट्यूट के बहार के भी बच्चे भाग ले सकते है इसमें भाग लेने के लिए किसी भी तरह का फी नहीं लिया जायेगा अर्थात यह टेस्ट सीरीज पूरी तरह से फ्री ऑफ कॉस्ट है । इस परीक्षा के सफल आयोजन में ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के निर्देशक प्रदीप कुमार महतो इसके अलावे संस्थान के शिक्षक संजय कुमार कुशवाहा, राजेश कुमार महतो, चंद्रदेव कुमार, अखिलेश महतो, अजय कुमार एवं संस्थान के सभी सदस्य इत्यादि लगे हुए है।

## तिलैया थाना प्रभारी के रूप में विनोद कुमार ने दिया योगदान

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक विनोद कुमार ने शुक्रवार को अपना योगदान दिया है। विनोद कुमार इसके पूर्व विशेष शाखा में पदस्थापित थे। आमजनों से सीधे संवाद स्थापितकर अपराध पर पूर्ण नियंत्रण इनकी पहली प्राथमिकता होगी। श्री कुमार लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अपराध से जुड़े मामले को लेकर वे सीधे संपर्क कर सकते हैं, या फिर 100 डायल पर भी सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। योगदान देने के बाद वे थाना में पदस्थापित एसआई एएसआई व जवानों से परिचय प्राप्त किया साथ ही अपराध से जुड़े संचिका व लंबित मामलों के निष्पादन के लिए अपने अधीनस्थ जवानो को कई आवश्यक निर्देश दिए।

## हमारा स्वास्थ्य और योग पर जगरनाथ महतो महाविद्यालय में हुआ सेमिनार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका में हमारा स्वास्थ्य और योग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो बसंत कुमार तथा संचालन प्रो राजेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और उत्तम स्वास्थ्य के आधार पर आप कोई भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं। पतंजलि योगपीठ भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी ने कहा कि अपने जीवन की दिनचर्या में परिवर्तन कर निरोग रह सकते हैं। आज पूरा विश्व अपना आहार और व्यवहार में परिवर्तन कर रोगग्रस्त हो रहा है। उन्होंने बच्चों को यादास्त शक्ति बढ़ाने के लिए विभिन्न आसन एवं योग का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार दास, प्रो रामप्रकाश मेहता, प्रो प्रदीप कुमार समेत पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

## 10 वर्षो से लंबित भविष्य निधि का हुआ भुगतान

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला भविष्य निधि पदाधिकारी सह ज़िला कोषागार पदाधिकारी की पहल पर रिटायर्ड शिक्षक को भविष्य निधि राशि का भुगतान किया गया। भविष्य निधि पदाधिकारी के रूप में प्रभार लेने के पश्चात उज्जवल कुमार चौरसिया ने भविष्य निधि कार्यालय के कार्यो की समीक्षा के दौरान उन्हें यह पता चला कि बालेश्वर प्रसाद यादव जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेटूला चैपारण-1 से 28 फरवरी 2013 को सेवानिवृत हुए थे तथा वर्तमान में बहुत अधिक बीमारी की अवस्था में बिस्तर पर है। के भविष्य निधि राशि की निकासी सेवानिवृति के 10 वर्षो के पश्चात भी नहीं हो पाई है। मामले के संज्ञान में लाने पर पता चला कि संबंधित कर्मी का भविष्य निधि लेखा संख्या गलत रहने के कारण एवं वर्ष 1985-86 तक का अन्त:शेष एवं वर्ष 1986-87 से वर्ष 2009-10 तक सत्यापित कटौती विवरणी एवं अन्य आवश्यक अभिलेख अप्राप्त रहने के कारण भविष्य निधि की राशि की निकासी का मामला अभी तक निष्पादित नहीं हो पाया है। मामले की गंभीरता एवं सेवानिवृत कर्मी की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए जिला भविष्य निधि पदाधिकारी के रूप में उज्जवल कुमार चैरसिया ने व्यक्तिगत रूचि लेते हुए विषयगत मामले में अभी तक सेवानिवृत कर्मी द्वारा जहाॅ-जहाॅ कार्य किया गया है, उन सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों से अनेकों स्मार पत्रों एवं दुरभाष पर व्यक्तिगत वार्ता करते हुए सभी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों से भविष्य निधि अभिलेख प्राप्त किया तथा जिला शिक्षा अधीक्षक एवं उपायुक्त, हजारीबाग के पास मामले को रखते हुए बालेश्वर प्रसाद यादव का नया भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटित किया एवं पुनः आनलाईन अंतिम निकासी आवेदन पत्र संबंधित डीडीओ एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग से प्राप्त करने के पश्चात दो लाख अड़तालीस हजार पॉच सौ तैंतीस (248533.00) रुपए का प्राधिकार पत्र अंशदाता को भुगतान हेतु संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को निर्गत किया।

## बहुमंजिला भवनों की जांच की गयी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सहायक नगर आयुक्त शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बहुमंजिला भवनों, अपार्टमेंट तथा हॉस्पिटल में अग्निशमन एवं आगजनी से बचाव हेतु निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन किया गया है कि नही इसकी जांच की गयी। इसमें श्रीधर रेसिडेंसी, राजनन्दनी, विजय एवं सपना डेवलपर्स के तीन टावर, हजारीबाग होम के सात टावर, कार्मेल स्कूल, रामेश्वरम अपार्टमेंट, आरोग्यम हॉस्पिटल, इंद्रलोक टावर की जांच की गयी। इसमें अग्निशमन दिशानिर्देश तथा फायर एनओसी की जांच की गई। सभी को इनका अनुपालन करने को कहा गया है। इस जांच में दीपक कुमार दुबे कार्यपालक दंडाधिकारी, रामयश सिंह प्रभारी अग्निशमन पदाधिकारी, आलोक नारायण नगर निवेशक उपस्थित थे।

## मृतक रवि के परिजनों से मिल मांडू विधायक ने दी सांत्वना

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही )।** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने मुंबई में मृत होलंग गांव के रवि कुमार (25 वर्ष) के परिवारों से शुक्रवार को मिलकर शोक प्रकट करते हुए सांत्वना दी। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया। होलंग निवासी लाटे महतो के पुत्र रवि कुमार का शव मुंबई में मंगलवार शाम को कमरे में फंदे से लटकता मिला था। शुक्रवार को शव गांव लाकर अंतिम संस्कार किया गया। विधायक जयप्रकाश पटेल ने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा आश्वासन दिया कि शासन से उन्हें सहायता पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस दुख के घड़ी में धैर्य रखने की जरूरत है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, कैलाशपति सिंह, राजू यादव, महेश अग्रवाल, होपन सिंह, रोहित पटेल, लोकनाथ महतो, अमरेश सिंह, बालेश्वर महतो, अनिल राय, इंद्राम महतो, डोमन महतो, पच्चू महतो, श्यामलाल महतो, भुनेश्वर महतो, प्रदीप महतो आदि उपस्थित थे।

## सौंदा डी में मिला मवेशी का कटा सर

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा डी हाई स्कूल के निकट सीसीएल कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने मवेशी का कटा हुआ सिर पाया। इसकी जानकारी पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गयी। लोग कई तरह के कयास लगाने लगे। सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, तमाम वार्ड सदस्य व आमजनों की भीड़ उमड़ गयी। इसके बाद घटना की सूचना भुरकुंडा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए मवेशी के सिर को अपने कब्जे में कर लिया। साथ ही आसपास के सीसीटी फुटेज को भी पुलिस खंगालने में जुटी है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। इसके पीछे जो भी उसे छोड़ा नहीं जायेगा। इधर घटना को ले लोगों में आक्रोश का माहौल है।

## झाकोमयू कुजू कोलियरी शाखा का पुनर्गठन, सचिव बने रामकुमार सिंह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र वर्मा ने शुक्रवार को नयामोड स्थित शहीद निर्मल महतो स्मृति भवन कार्यालय में कुजू कोलियरी शाखा समिति पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से झाकोमयू कुजू कोलियरी शाखा का पूर्णगठन किया गया। जिसमें सोमर मांझी अध्यक्ष, संजय मरांडी उपाध्यक्ष एवं रामकुमार सिंह सचिव बनाये गए। वही, संयुक्त सचिव कांदो मांझी, सह सचिव सुधु मांझी, मो अरशद व पन्नालाल मुर्मू, जबकि बादल महतो को संगठन सचिव की जिम्मेवारी मिली। जिसमें बथलू मांझी,संतोषी देवी, संझली देवी, डिब्रु उरांव, कृष्णा हेम्ब्रोम, बिनोद मरांडी, जयलाल मरांडी, रविन्द्र मिस्त्री, जानकी भुइयां, सखुन रविदास, लालजी मांझी एवं विशुन उरांव शामिल है।

## भारत भारती विद्यालय में दसवीं कक्षा के बच्चों को दी गयी विदाई



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** भारत भारती विधालय के दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को समारोह आयोजित कर शुक्रवार को दी गई विदाई। बताते चलें कि इसी महीने के 27 फरवरी से सीबीएसई की दसवीं बोर्ड परीक्षा में सभी छात्र शामिल होंगे। वहीं कक्षा नवम के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभी बच्चों को उपहार देकर विदाई दी गई। विधालय के प्राचार्य माहे आलम अंसारी ने बच्चों को सुझाव देते हुए बताया कि अंतिम समय में परीक्षा को लेकर कैसे रणनीति बनाएं एवं भविष्य की चुनौतियों को कैसे सामना करें। सभी शिक्षकों ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह कार्यक्रम में विधालय के सचिव गोपाल यादव, निदेशक अनिमेष यादव, अभिषेक यादव, एकेडमिक कंट्रोलर निवेदिता लाहरी, प्राचार्य माहे आलम अंसारी, उप प्राचार्य विकास कुमार, बिंदेश्वरी यादव, अर्जुन साव, रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

## सैलून दुकान में असामाजिक तत्वों ने लगायी आग

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** डीजल कॉलोनी फिल्टर हाउस के समीप स्थित उमेश ठाकुर के सैलून दुकान मे अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा गुरुवार रात को आग लगा दी गयी। जिससे उनका गुमटी आग से चपेट से भस्म हो गया। बताया जाता है की उमेश ठाकुर लगभग 20 साल से सैलून दुकान चलाकर अपना रोजी रोजगार चलाते थे इसी दुकान से इनका जीवन यापन चलता था। दुकान मालिक द्वारा पतरातू थाने में आवेदन देकर इस तरह का हरकत करने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।


### शपथ-पत्र

शपथ पत्र संख्या 453 दिनांक 25.01.2023 के अनुसार मैं, उत्तम कुमार, पिता-स्व. मदन सिंह, निवासी- सरस्वती सदन, देवनगर कृष्णापुरी रोड़ नं.- 12, पो. व थाना-चुटिया, जिला- रांची-834001, झारखंड शपथपूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य है:-

1. यह कि मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूं।
2. यह कि मेरा पैतृक निवास स्थान-ग्राम- डामाकुंडी, पो. चरकमारा, थाना- सारठ, जिला- देवघर-814149, राज्य-झारखंड है।
3. यह कि मैं एस.एस.बी. 26वीं वाहिनी में मुख्य आरक्षी (सा) के पद पर कर्यारत हूं।
4. यह कि मैं वर्त्तमान में सरस्वती सदन, देवनगर कृष्णापुरी रोड नं.-12, व थाना- चुटिया, जिला-रांची- 834001, झारखंड में अपना घर बनाकर परिवार के साथ रह रहा हूं।
5. यह कि शपथ-पत्र के माध्यम से मैं अपनी सेवा पंजीका में अपना पता- सरस्वती सदन, देवनगर कृष्णापुरी रोड़ नं.-12, पो. व थाना-जिला- रांची-834001, झारखंड करवाना चाहता हूं।


## झामुमो ने किया जयनगर पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** जयनगर पंचायत सचिवालय स्थित शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक आहूत की गई। बैठक में पार्टी नेताओं ने कहा कि पतरातू प्रखंड के सभी गांव से लगातार झामुमो पार्टी में लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं लगातार पार्टी मजबूत हो रही है आने वाला समय में बड़कागांव विधानसभा से पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।मौके पर जयनगर पंचायत कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसके तहत बतौर अध्यक्ष शमीर्ली खातून का चयन किया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष देवंती देवी अमित कुमार ,आशिया खातून, अजीमा खातून सह सचिव सावित्री देवी ,मुमताज खातून संगठन सचिव अनिल कुमार यादव ,शशी रंजन,कोषाध्यक्ष शबनम खातून संगठन सचिव शिला देवी, सदस्य शेरा बानो, उदय अग्रवाल, इस्लाम अंसारी योगेंद्र प्रजापति का चयन किया गया।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, पुलिस ने शव को अपने वाहन में लाया थाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र के हजारीबाग-इटखोरी मुख्य मार्ग पर कर्मा के दंदाहा दुर्घटना जोन के तीखे मोड़ पर फिर से एकबार फिर से दर्दनाक सड़क हादसा दो लोगों की मौत। इस सड़क हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गयी तो वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी इटखोरी सामुदायिक केंद्र में इलाज किया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत परोका निवासी राहुल भुईयां अपने साथ दो महिलाओं को दो पहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस से करमा की तरफ जा रहे थे इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। इस घटना में वाहन चालक की मौत मौके पर हो गई वहीं महिला की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी। समाचार लिखे जाने तक इस घटना में शामिल तीसरी महिला की स्थिति नाजुक बताया जा रहा है। मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम और एसआई अनिरुद्ध सिंह मानवता की मिशाल को पेश करते हुए शव पुलिस वाहन में रखा इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने भी पुलिस की सहायता की। पुलिस शव को अपने कब्जे में ले कर थाने ले आया कल पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर स्पताल भेज दिया जाएगा। थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने आजाद सिपाही जिला ब्यूरो से कहा कि सड़कों पर सड़क हादसा होना इस बात की ओर इशारा करता है कि आज के दौर में वाहन चालक काफी लापरवाह हो गए हैं।आगे थाना प्रभारी ने कहा कि हर किसी की जिंदगी अनमोल है। लेकिन छोटी-छोटी गलतियों के कारण अपनी जान को गवा बैठतें हैं। सड़क पर हादसों को रोकने के लिए थाना प्रभारी ने कहा कि वाहन चलाते समय हर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा मानकों का पूरा ख्याल रखना चाहिए।

# रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में 18 उम्मीदवार डटे, चुनाव चिह्न आवंटित

## चुनाव चिह्न आवंटित होने से प्रचार ने पकड़ी रफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव नामांकन को लेकर सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब इस उपचुनाव में 18 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। इधर बताया जाता है की चुनाव चिन्ह आवंटन होने के बाद आज से चुनावी अभियान रफ्तार पकड़ेगी। चुनावी मैदान में डटे प्रत्याशी जमकर पसीना बहायेंगे।



### जानें सभी उम्मीदवारों की क्रम संख्या

निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार पहले नंबर पर कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो है और दूसरे नंबर पर आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी हैं। तीसरे नंबर पर नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार युगन कुमार, चौथे नंबर पर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार संतोष कुमार महतो, पांचवे नंबर पर अजीत कुमार, छठे नंबर पर इमाम सफी, सातवें नंबर पर कामदेव महतो, आठवें नंबर पर तुलेश्वर कुमार पासवान, नौवें नंबर पर धनंजय कुमार पुटूस, दसवें नंबर पर पांडव कुमार महतो, 11वें नंबर पर प्रदीप कुमार, 12 नंबर पर फारूक अंसारी, 13वें नंबर पर मनोज कुमार बेदिया, 14 में नंबर पर महिपाल महतो, 15वें नंबर पर रंजीत महतो, 16 में नंबर पर रामावतार महतो, 17 में नंबर पर सहदेव कुमार और आखिरी में सुरेंद्र महतो 18 वें नंबर पर हैं।

### किस उम्मीदवार को मिला कौन सा चुनाव चिन्ह

कांग्रेस उम्मीदवार बजरंग महतो को हाथ छाप, आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी को केला छाप, युगल कुमार को कंप्यूटर, संतोष कुमार महतो को फलों से भरी टोकरी, अजीत कुमार को हरी मिर्च, इमाम सफी को बैटरी टॉर्च, कामदेव महतो को पानी का जहाज, तुलेश्वर कुमार पासवान को गन्ना किसान, धनंजय कुमार पुटूस को फोन चार्जर, पांडव कुमार महतो को सेब छाप, प्रदीप कुमार को हेलीकॉप्टर छाप, फारूक अंसारी को फुटबॉल छाप, मनोज कुमार बेदिया को ऑटो रिक्शा छाप, महिपाल महतो को भिंडी छाप, रंजीत महतो को चारपाई छाप, रामावतार महतो को बाल्टी छाप, सहदेव कुमार को भाला फेंक और सुलेंद्र महतो को माचिस की डिब्बी छाप चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

## सरकारी कार्यालयों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक बैंकों में 27 को अवकाश

रामगढ़ विस उपचुनाव के मद्देनजर 27 फरवरी को मतदान के दिन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के झारखंड सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों / औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक बैंकों में स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। विदित हो कि 27 फरवरी को रामगढ़ में विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदान होना है। इसी के मद्देनजर 27 फरवरी (सोमवार)को मतदान के दिन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के झारखंड सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों / औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक बैंकों में निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 की धारा -25 के तहत स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## सिमरिया प्लस टू उच्च विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित थी। शिविर के दौरान 34 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में शिक्षक,शिक्षिका व छात्र के साथ साथ भाजपा के युवा कार्यकर्ता शामिल थे। शिविर में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुवे रक्तदान से होने वाले फायदे से अवगत कराया। जिससे प्रभावित होकर शिक्षकों के साथ साथ आधे दर्जन छात्र (जो वैसे 18 आयु वर्ग के थे) ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक डॉ नितेश कुमार, मनोज रजक, संतोष कुमार, रेड क्रॉस कार्यकारणी सदस्य धर्मेंद्र पाठक, लैब तकनीशियन आजाद अफसर, सुमन कुमारी सहायक तापेश्वर सोनी सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई।


भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/529 नई दिल्ली, दिनांक : 09.02.2023

**निविदा सं. डब्ल्यूटीए-529 के लिए शुद्धि पत्र सं. 6**

विषय :- सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण-सह-अनुरक्षण के लिए दिनांक 15.02.2023 को खोली जाने वाली ई-निविदा सं. डब्ल्यूटीए-529.

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 15.02.2023 (बुधवार) से स्थगित कर के 23.02.2023 (गुरुवार) कर दी गई है।

निविदा के कुछ अन्य निबंधन एवं शर्तें भी आशोधित की गई हैं। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली-110001
ईमेल - drsm@rb.railnet.gov.in

437/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



नालको NALCO
National Aluminium Company Limited
(A Government of India Enterprise)

Nalco Bhawan, P/1, Nayapalli,
Bhubaneswar-751 013, Odisha, India
CIN : L27203OR1981GOI000920
A NAVRATNA COMPANY

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20

**Extracts of Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2022**

Rs. In Crore

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | 31/12/2022 (Unaudited) | 30/09/2022 (Unaudited) | 31/12/2021 (Unaudited) | 31/12/2022 (Unaudited) | 31/12/2021 (Unaudited) | 31/03/2022 (Audited) | 31/12/2022 (Unaudited) | 30/09/2022 (Unaudited) | 31/12/2021 (Unaudited) | 31/12/2022 (Unaudited) | 31/12/2021 (Unaudited) | 31/03/2022 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 3,289.98 | 3,489.57 | 3,773.26 | 10,562.87 | 9,839.99 | 14,180.81 | 3,289.98 | 3,489.57 | 3,773.26 | 10,562.87 | 9,839.99 | 14,180.81 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | 364.80 | 245.88 | 1,109.13 | 1,388.73 | 2,586.81 | 3,954.87 | 364.80 | 245.88 | 1,109.13 | 1,388.73 | 2,586.81 | 3,954.87 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 364.80 | 245.88 | 1,109.13 | 1,388.73 | 2,586.81 | 3,954.87 | 347.27 | 201.19 | 1,108.94 | 1,305.78 | 2,586.47 | 3,954.31 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax ( after Exceptional and/or Extraordinary items) | 273.85 | 170.12 | 830.86 | 1,022.61 | 1,926.29 | 2,951.97 | 256.32 | 125.43 | 830.67 | 939.66 | 1,925.95 | 2,951.41 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period Comprising Profit/Loss for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax) | 323.34 | 194.35 | 836.32 | 1,094.65 | 1,942.67 | 2,975.92 | 305.81 | 149.66 | 836.13 | 1,011.70 | 1,942.33 | 2,975.36 |
| 6. | Equity Share Capital | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | | 11,636.32 | | | | | | 11,634.07 |
| 8. | Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs.5/- each) (not annualised): | | | | | | | | | | | | |
| | 1. Basic | 1.49 | 0.93 | 4.52 | 5.57 | 10.49 | 16.07 | 1.40 | 0.68 | 4.52 | 5.12 | 10.49 | 16.07 |
| | 2. Diluted | 1.49 | 0.93 | 4.52 | 5.57 | 10.49 | 16.07 | 1.40 | 0.68 | 4.52 | 5.12 | 10.49 | 16.07 |

The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under regulation 33 of the SEBI ( Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above financial results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com; and Company's website, www.nalcoindia.com.

**Notes :**

(1) The Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 10th February, 2023. Limited Review as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 has been carried out by the Statutory Auditors of the Company.

(2) The consolidated financials for the quarter and nine months ended 31st Dec, 2022 includes the financial results of M/s. Angul Aluminium Park Private Ltd., M/s. Utkarsha Aluminium Dhatu Nigam Limited, M/s. Khanij Bidesh India Limited and M/s. GACL- NALCO Alkalies & Chemicals Private Limited.

(3) The Company paid final dividend of Rs.1.5/- per equity share (30% on face value of Rs.5/- each) amounting to Rs.275.49 crore for the FY 2021-22. With this the total amount of dividend pay out for the FY 2021-22 is Rs. 6.50/- per equity share (interim dividend of Rs. 5.00/- per share and final dividend of Rs. 1.5/- per share) amounting to Rs.1,193.81 crore.

(4) The Board of Directors at its meeting held on 17.01.2023 has approved interim dividend of Rs.1/- per equity share (20% on face value of Rs. 5/- each) amounting to Rs. 183.66 crore for the FY 2022-23.

(5) Figures pertaining to previous periods have been regrouped, recasted and rearranged, wherever necessary.

**Place : Bhubaneswar**
**Dated : 10th February, 2023**

Sd/-
( CA Sridhar Patra )
Chairman-cum-Managing Director



HDFC BANK
We understand your world

एचडीएफसी बैंक लि., विशेष कार्य विभाग
प्रथम तल, राजेन्द्र राम प्लाजा, एग्जीबिशन रोड
पटना, बिहार-800001

### कब्जा सूचना

(अचल सम्पत्ति के लिए)
नियम 8(1)

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन एक मांग सूचना दिनांक **27.10.2022** को जारी की थी, जिसमें **कर्जदार मैसर्स दादीजी एंटरप्राइजेज**, स्वामित्व : श्री शुभम पोद्दार, पुत्र-उमेश पोद्दार, पंजीकृत कार्यालय पता : एलआईसी बिल्डिंग शाखा-3 के सामने, बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013, **श्रीमती वीणा पोद्दार, पत्नी-उमेश पोद्दार**, पता : जूरी अपार्टमेंट, बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013, **श्री शुभम पोद्दार, पुत्र-उमेश पोद्दार**, पता : मकान नंबर 701, तेलीडीह, बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013 से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार **30.09.2022** तक बकाया राशि **रू.37,57,661.75/- (रूपए सैंतीस लाख सत्तावन हजार छह सौ इकसठ तथा पैसे पचहत्तर मात्र)** का भुगतान, उस पर ब्याज के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार और गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्‌द्वारा कर्जदार और गारंटरों तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी** के रूप में, उक्त नियमावली, के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा 8 फरवरी, 2023** को ले लिया है।
**कर्जदार को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की उपरिवर्णित बकाया राशि, उस पर ब्याज के साथ, चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।**
**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

अचल सम्पत्ति का वर्णन

क) सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सेल डीड नंबबर 8346/7734 दिनांकित 20.11.2008 के अधीन आवृत्त बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड स्थित "जूरी अपार्टमेंट" नामक बिल्डिंग के तृतीय तल पर आवासीय सम्पत्ति फ्लैट नंबर 303, जो वीणा पोद्दार के नाम है।

तिथि: **08.02.2023**
स्थान: पटना, बिहार

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पटना-800 001



HDFC BANK
We understand your world

एचडीएफसी बैंक लि., विशेष कार्य विभाग
प्रथम तल, राजेन्द्र राम प्लाजा, एग्जीबिशन रोड
पटना, बिहार-800001

### कब्जा सूचना

(अचल सम्पत्ति के लिए)
नियम 8(1)

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन एक मांग सूचना दिनांक **20.10.2022** को जारी की थी, जिसमें **कर्जदार मैसर्स हिन्द सैनीटेशन**, स्वामित्व : श्रीमती वीणा पोद्दार, पत्नी-उमेश पोद्दार, पंजीकृत कार्यालय पता : एलआईसी बिल्डिंग शाखा-3 के सामने, बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013, **श्रीमती वीणा पोद्दार, पत्नी-उमेश पोद्दार**, पता : जूरी अपार्टमेंट, बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013, **श्री शुभम पोद्दार, पुत्र-उमेश पोद्दार**, पता : मकान नंबर 701, तेलीडीह, बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013 से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार **30.09.2022** तक बकाया राशि **रू.24,68,701.38/- (रूपए चौबीस लाख अड़सठ हजार सात सौ एक तथा पैसे अड़तीस मात्र)** का भुगतान, उस पर ब्याज के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार और गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्‌द्वारा कर्जदार और गारंटरों तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी** के रूप में, उक्त नियमावली, के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा 8 फरवरी, 2023** को ले लिया है।
**कर्जदार को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की उपरिवर्णित बकाया राशि, उस पर ब्याज के साथ, चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।**
**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

अचल सम्पत्ति का वर्णन

क) सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सेल डीड नंबबर 8346/7734 दिनांकित 20.11.2008 के अधीन आवृत्त बाईपास रोड, चास, जिला-बोकारो, झारखंड स्थित "जूरी अपार्टमेंट" नामक बिल्डिंग के तृतीय तल पर आवासीय सम्पत्ति फ्लैट नंबर 303, जो वीणा पोद्दार के नाम है।

तिथि: **08.02.2023**
स्थान: पटना, बिहार

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पटना-800 001



HDFC BANK
We understand your world

एचडीएफसी बैंक लि., विशेष कार्य विभाग
प्रथम तल, राजेन्द्र राम प्लाजा, एग्जीबिशन रोड
पटना, बिहार-800001

### कब्जा सूचना

(अचल सम्पत्ति के लिए)
नियम 8(1)

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन एक मांग सूचना दिनांक 31.08.2022 को जारी की थी तथा 10.09.2022 को प्रकाशित करवाई गई थी, जिसमें **कर्जदार मैसर्स श्री सारंग स्टील**, स्वामित्व : श्री मनोज कुमार, पता : श्री सारंग निवास, श्री राम वाटिका, निकट अंगद अपार्टमेंट, चीरा चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013, **श्री मनोज कुमार, पुत्र-राम सुंदर शर्मा**, पता : श्री सारंग निवास, श्री राम वाटिका, निकट अंगद अपार्टमेंट, चीरा चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013, **श्रीमती नीरा देवी, पत्नी-श्री मनोज कुमार**, पता : श्री सारंग निवास, श्री राम वाटिका, निकट अंगद अपार्टमेंट, चीरा चास, जिला-बोकारो, झारखंड, पिन-827013 से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार31.07.2022 तक बकाया राशि **रू.3,42,74,638.56/- (रुपए तिन करोड़ बयालीस लाख चौहत्तर हजार छह सौ अड़तीस तथा पैसे छपन मात्र)** का भुगतान, उस पर ब्याज के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी और चूंकि मांग सूचनाएं अवितरित के रूप में प्राप्त हुई थीं, उनको अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुरूप 10 सितम्बर, 2022 को समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया गया था।
कर्जदार और गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्‌द्वारा कर्जदार और गारंटरों तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी** के रूप में, उक्त नियमावली, के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा 9 फरवरी, 2023** को ले लिया है।
**कर्जदार को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की उपरिवर्णित बकाया राशि, उस पर ब्याज के साथ, चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।**
**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

अचल सम्पत्ति का वर्णन

- सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : नीरा देवी के नाम आवासीय सम्पत्ति क्षेत्रफल परिमाप 9 डेसीमल, प्लॉट नंबर 776, म्युनिसिपल खाता नंबर 566, चास म्युनिसिपलिटी, मौजा-चास, पी.एस.-चास, जिला-बोकारो, झारखंड, वार्ड नंबर-02, अंगद अपार्टमेंट, पिन-827013.
- सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : नीरा देवी के नाम खाली प्लॉट भूमि क्षेत्रफल परिमाप 10 डेसीमल, सर्वे प्लॉट नंबर 247, थाना नंबर 57, मौजा- चिकसिया, पी.एस.-चास, प्लॉट नंबर ए-6, खाता नंबर-66, जिला-बोकारो, पिन-827013.

तिथि: **09.02.2023**
स्थान: पटना, बिहार

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पटना-800 001

# तुर्की-भूकंप पर भारत की पहल

तुर्की और सीरिया में आए भूकंप ने सारी दुनिया को हिला कर रख दिया है। ऐसे भूकंपों ने ईरान, अफगानिस्तान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में भी कई बार हड़कंप मचाया है, लेकिन वर्तमान भूकंप में लगभग 21 हजार से अधिक लोग मारे गये हैं और लाखों लोग घायल हो गये हैं। बेघर-बार हुए लोगों की संख्या तो और भी बड़ी है। आशा करें कि अभी कोई और झटका न आ जाये। तुर्की ने भारत सरकार के उन कदमों का कड़ा विरोध किया था, जो उसने कश्मीर के बारे में उठाये थे। उसने कश्मीर के सवाल पर अन्य मुस्लिम राष्ट्रों को भड़काने का भी प्रयत्न किया था, जबकि सऊदी अरब जैसे राष्ट्रों ने इस मुद्दे को भारत का आंतरिक मामला बताया था, लेकिन भारत सरकार ने इस वक्त तुर्की के मजहबी जुनून को दरकिनार करके इंसानियत के दरवाजे खोल दिये हैं। चार-चार चार्टर जहाजों से उसने लगभग 100 डॉक्टरों और नर्सों को अंकारा और इस्तांबुल भेज दिया है। उसने ऐसे बचावकर्मियों को भी बड़ी संख्या में वहां भेजा है, जो मलबे में दबे लोगों की जान बचाने की कोशिश करेंगे।

**दिल्ली स्थित तुर्की के राजदूत फिरत सुनेल ने भारतीय मदद के बारे में क्या खूब कहा है कि दोस्त वही होता है, जो आड़े वक्त काम आता है। तुर्की को अगर जरूरत हो तो भारत अपनी मदद बढ़ा सकता है।**

ऐसी ही मदद हमारी सरकारों ने 2011 में जापान और 2015 में नेपाल में जब भूकंप आया था, तब तुरंत भिजवाई थी। तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तय्यब एर्दोगन ने दिल्ली में हुए दंगों पर एकतरफा भर्त्सना करने का दुस्साहस दिखाया था, लेकिन हमारी सरकार ने तुर्की की मदद करते समय हिंदू-मुसलमान का कोई भेद नहीं किया। इससे मोदी सरकार की छवि भारत के अल्पसंख्यकों में भी सुधरेगी। भारत और तुर्की के प्रतिनिधियों की संयुक्त राष्ट्र संघ में टक्कर होती रही है लेकिन पिछले साल सितंबर में समरकंद में हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में जब मोदी और एर्दोगन की भेंट हुई तो आपसी संबंधों में काफी नरमी पैदा हो गयी। मैं इसीलिए बराबर तर्क देता रहता हूं कि यदि इस वक्त हम पाकिस्तान की संकटग्रस्त जनता की मदद के लिए हाथ बढ़ा दें तो दोनों देशों के संबंधों में अपूर्व सुधार हो सकता है। दिल्ली स्थित तुर्की के राजदूत फिरत सुनेल ने भारतीय मदद के बारे में क्या खूब कहा है कि दोस्त वही होता है, जो आड़े वक्त काम आता है। तुर्की को अगर जरूरत हो तो भारत अपनी मदद बढ़ा सकता है। अन्य संपन्न देशों को भी उसकी मदद के लिए वह प्रेरित कर सकता है। उसकी यह पहल दुनिया के सभी मुस्लिम राष्ट्रों में भारत के प्रति आदर की भावना को जगायेगी। इस भयंकर भूकंप से भारत को भी सबक लेना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पंडित जी कहा करते थे कि भारत में जब तक पंक्ति के अंतिम में खडे व्यक्ति का उदय नहीं होगा, उसका विकास नहीं होगा, तब तक भारत का सम्पूर्ण विकास संभव नहीं है। भारत के उदय के लिए पंक्तों के अंतिम व्यक्ति का उदय होना भी आवश्यक है। वे अश्रुपूर्ण आखों से आँसू पोंछने और उसके चेहरे पर मुसकान को अंत्योदय का पहला पायदान मानते थे।**

# अंत्योदय में निहित सामाजिक और आर्थिक चिंतन

**अमरदीप यादव**



दीनदयाल उपाध्याय संस्थान से जुड़े कमल किशोर गोयनका अपनी पुस्तक 'दीनदयाल उपाध्यायः व्यक्ति दर्शन' में लिखते हैं कि दीनदयाल जी कहते थे सामाजिक जीवन में और समाज की आर्थिक व्यवस्था के चिंतन में यदि हमारी अर्थव्यवस्था 'अंत्योदय' युक्त होगी तो सामाजिक जीवन के चिंतन की साधना स्वतः हीं सफल हो जायेगी। अंत्योदय सिर्फ शब्द नहीं है, यह संवेदना है, करुणा है, सहानुभूति है, प्रेरणा है, साधना है, प्रामाणिकता है, आत्मीयता हैं, कर्तव्यपरायणता है और साथ ही लक्ष्य की स्पष्टता है।

पंडित जी कहा करते थे कि भारत में जब तक पंक्ति के अंतिम में खडे व्यक्ति का उदय नहीं होगा, उसका विकास नहीं होगा, तब तक भारत का सम्पूर्ण विकास संभव नहीं है। भारत के उदय के लिए पंक्तों के अंतिम व्यक्ति का उदय होना भी आवश्यक है। वे अश्रुपूर्ण आखों से आँसू पोंछने और उसके चेहरे पर मुसकान को अंत्योदय का पहला पायदान मानते थे। दीनदयालजी के अंत्योदय का आशय राष्ट्रप्रेम से प्रेरित था। वे राष्ट्रश्रम को राष्ट्रधर्म मानते थे। अतः कोई भी श्रमिक वर्ग पृथक नहीं है, हम सभी राष्ट्र निर्माण में श्रमिक की भूभिका निभा रहे हैं।

**पंडित दीनदयाल ने राष्ट्र एवं समाज को जोड़ने के लिए निरंतर संघर्ष किया है।**

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्र के हर नागरिक के लिए कुछ मूलभूत बातों का होना अतिआवश्यक है, जैसे रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, सामाजिक और आर्थिक सूरक्षा एवं संस्कार आदि। अंत्योदय की भावना में ये सभी बातें निहित हैं। जब हम विकास की ओर दृष्टि करते हैं, तो व्यक्ति का सुख उसका आधार बनता है। मगर दीनदयाल उपाध्याय की अवधारणा व्यक्ति और राष्ट्र के संबंध में एक समान थी। इस पर वे धर्म की विवेचना करते हुए सर्वोदय की बात बताते हैं, 'महर्षि कणाद ने सर्वांगीण उन्नति की व्याख्या करते हुए कहा था, 'यतोभ्यूदयनिः श्रेयस सिद्दिःस धमः' जिस माध्यम से अभ्यूदय अर्थात भौतिक दृष्टि से तथा निःश्रेयसया से आध्यातमिक दृष्टि से सभी प्रकार की उन्नति प्राप्त होती है, उसे धर्म कहते हैं। उसी तरह गरीब के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों को अंत्योदय या सर्वोदय के भाव से प्रज्वलित करते हैं।

**पंडित दनदयालजी ने राष्ट्र व समाज को जोड़ने के लिए निरंतर संघर्ष किया है, जिसका परिणाम वतंमान समय में दिखने लगा हैं। हमारी संस्कृति में मानव मात्र के कल्याण की बात निहित है, इस तत्व को महत्व देते हुए अंत्योदय को शासन के लक्ष्य के रूप में उन्होंने अवगत कराया है।**

सर्वोदय में ही अंत्योदय निहित है। हमें देश में अंत्योदय की आवश्यकता को समझना पड़ेगा, क्योंकि भारत में आज भी बहुत बड़ी संख्या में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करनेवाले नागरिकों की संख्या अधिक है, जिनको जीवन जीने के लिए आवश्यक संसाधनों का अभाव है। अपितु भारत समेत विश्व के कई देश इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसका समाधान एकात्म मानव दर्शन के अंत्योदय में ही मिल सकता है।

'सर्वजन सुखाय' का यह आदर्श भारतीय संस्कति की अनन्य विशेषता है। मानव मात्र की कल्याण भारतीय संस्काति का उददेश्य है।

सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया।

सर्वे भद्राणि पशयंतु मा कशिचत दुःख भाग भवेत।

पंडित दीनद्यालजी के विचारों का केंद्र भी' 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' था। भारतीय संस्कृति का यह आदर्श अंत्योदय की परिकल्पना में परिभाषित होता हैं। सरकार द्वरा बनायी गयी नीतियों और योजनाओं का लाभ सभी वर्ग को होना चाहिए।

समाज के प्रत्येक वर्ग सरकार की इन नीतियों तथा योजनाओं से लाभान्वित हो। वही शासन और प्रशासन का उददेश्य होना चाहिए, इसी को सरकार की सफलता कहा जा सकता है। हमारी प्रगति का आकलन समाजिक पीढ़ी के सर्वोच्च पायदान पर पहुंचे व्यक्ति से नही, अपितु समाज के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति से होगा।

भारत की वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

पंडित दनदयालजी ने राष्ट्र व समाज को जोड़ने के लिए निरंतर संघर्ष किया है, जिसका परिणाम वतंमान समय में दिखने लगा हैं। हमारी संस्कृति में मानव मात्र के कल्याण की बात निहित है, इस तत्व को महत्व देते हुए अंत्योदय को शासन के लक्ष्य के रूप में उन्होंने अवगत कराया है। देश में सभी वगों की सरकार एवं समाज से संतुष्टि एवं खुशी अपेक्षित है। यदि श्रम करनेवाला श्रमिक और पिछड़ा वर्ग इनसे नाराज है तो राष्ट्र व समाज के विकास पथ पर चलने की परिकल्पना अधूरी ही रह जायेगी। इसलिए देश के हर नागरिक के हाथ में काम होना अनिवार्य है। बेरोजगारी से बचाव की दुष्टि से कर्मशीलता व कर्मचेतना एक सार्थक उपाय है। कर्मशीलता और कार्यदक्षता का विकास कर देश में बेरोजगारी और गलत कायों को रोका जा सकता है और इन प्रयासों द्वारा राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित है। वर्तमान केंद्र सरकार इन कार्यो पर अपना ध्यान केंद्रित किये हुए है। उसके प्रयास निरंतर इन कायों की सफलता की ओर अग्रेषित हैं। मगर ये सभी बातें सरकार पर ही निर्भर नहीं होनी चाहिए, समाज और व्यक्तियों का भी इसमें योगदान होना चाहिए। उच्च, दलित, पीड़ित, पिछड़ा, शोषित, जनजाति, विमुक्त और खानाबदोश इनमें किसी के विकास में, सामाजिक और भौतिक किसी भी प्रकार से भेदभाव नहीं होना चाहिए।

स्वामी विवेकानंदजी की बात को वे हमेशा कहते थे कि इस देश को उठाने दो- गरोब, मछुआरों, बुनकरों और मजदूरों आदि को विकसित होने दो। भेदभाव रहित समाज की रचना करो। एकात्म भाव को विकसित होने दो। 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय ' के मंत्र पर व्यक्ति का विकास करो।

**(लेखक भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में विभिन्न सडकों के निर्माण के लिए सांसद विद्युत वरण महतो ने पूर्व में ही केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया था। शुक्रवार को स्थिति की जानकारी लेने सांसद विद्युत वरण महतो ने सचिव के सहायक अमोल बिराजदार से मुलाकात की। उन्होंने कहा सांसद के मांग पर पूर्वी सिंहभूम के दो महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मंत्रालय के द्वारा प्रदान की गयी। उन्होंने बताया सेन्ट्रल रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से भूंईयासिनान से भूला होते हुए सुसनी मुख्य पथ प. बंगाल सीमा तक और दूसरा एन एच 33 फूलडुंगरी घाटशिला से बुरूडीह डैम होते हुए झांटीझरणा तक 24 किमी तक पथ निर्माण होना है। दोनों सड़कों के लिए निविदा जारी करने का आदेश दिया गया। साथ ही इसके लिए स्वीकृत राशि राज्य सरकार को भेज दिया गया। मौके पर श्री बिराजदार ने इस बावत पत्र की एक प्रति सांसद श्री महतो को उपलब्ध कराया।

एलिवेटेड कारिडोर के संबंध में श्री गडकरी ने सांसद बिद्युत महतो को बताया इसके निर्माण की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई। अब इसकी निविदा निकाली जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा वे स्वयं इस परियोजना का शिलान्यास करने के लिए जमशेदपुर आएंगे। सांसद श्री महतो ने इसके अलावा भारत माला योजना के तहत दो अन्य सड़क में एन एच 33 पारडीह से पटमदा होते हुए दुगार्पुर जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण एवं चाईबासा से हाता होते हुए मुसाबनी, डुमरिया, गुड़ाबांधा कोईमा, एन एच - 6 तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण की मांग पुन उठाया। साथ सीआइआरएफ से तीन अन्य सड़कों के निर्माण के लिए मांग पत्र समर्पित किया। केंद्रीय मंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिये।

# जमशेदपुर के 150 से ज्यादा पदाधिकारी साहिबगंज रवाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब झारखंड में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत साहिबगंज से की जाएगी। झारखण्ड राज्य मे शनिवार को इसकी शुरूवात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा साहिबगंज से की जाएगी। मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बताया झारखंड में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूवात राज्य के साहिबगंज जिले से होने जा रही हैं। जहाँ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उपस्थित होकर अभियान की शुरूवात करेंगे। जमशेदपुर से करीब 150 कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता साहिबगंज पहूंचकर इस अभियान मे शामिल होंगे। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा पार्टी ने जन समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए आवाज बुलंद करने के लक्ष्य को लेकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाने जा रही हैं। प्रत्येक बूथ स्तर पर इस अभियान को चलाया जायेगा। पूर्वी सिंघभूम जिला मे जिला कांग्रेस ने इस अभियान को पूर्ण करने हेतु तैयारियां पूरी कर ली हैं। ताकि जनता के घर तक केंद्र सरकार की विफलता व महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद कर सके। मौके पर जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष व अन्य कांग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे।

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सिमुलडांगा के प्लस टू उत्तकर्मित उच्च विद्यालय में स्कूल के बच्चों के बीच में कैंसर के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्य अजय कुमार के द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

वहीं शिक्षक धीरज प्रमाणिक ने बताया यह भारत सरकार द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रम है। भारत में प्रति वर्ष लगभग 13 लाख लोग की मौत तंबाकू जनित रोगों से होता है।

वहीं शिक्षक प्रमोद कुमार अग्रवाल ने बताया तंबाकू शरीर के गला फेफ्रा किडनी तक प्रभावित करता है, जो अत्यंत समस्या का विषय है। इससे हम सभी को बचना होगा। आने वाले दिनों में तंबाकू जनित पदार्थों के उपयोग को ना कहना होगा। साथ ही अपने आसपास या साथी संगत को इसकी जानकारी देंना होगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओ को गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सके। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच में कंपटीशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पूर्वी सिंहभूम द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## ओड़िशा की खबरें

# पिता और माता की छवि की पूजा करना नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना सबसे अच्छा धर्म : द्रौपदी मुर्मू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज उत्कल मंडप में आयोजित ज्ञानप्रभा मिशन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। वह एयरपोर्ट से सीधे सभा में शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले जय जगन्नाथ बोल कर अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने भाषण में अपने अनुभव दर्शकों के सामने साझा किए। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा धर्म पिता और माता की छवि की पूजा करना नहीं बल्कि उनकी देखभाल करना है। पिता, माता सदैव त्याग, बलिदान, साहस, प्रेम, सम्मान, करुणा के प्रतीक हैं। मातृशक्ति उत्थान संस्थान पहुंचकर राष्ट्रपति भावुक हो गए और उन्होंने अपनी मां को याद किया।

इस मौके पर राष्ट्रपति ने अपने जीवन के अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि जीवन के एक निश्चित पड़ाव पर मैं भी बहुत दुखद स्थिति से गुजर रहा था। योग में शामिल होने के बाद धीरे-धीरे मुझे शारीरिक और मानसिक कमजोरी से छुटकारा मिल गया। जीवन के लिए आस्था और आशा फिर से मुझमें फैल गई। उन्होंने राष्ट्रपति ने प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ज्ञानप्रभा मिशन बतीखुंट की तरह मानव समाज को दिशा देगा. इस मौके पर राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मंत्री अशोक पंडा और भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास उपस्थित थे।

# सम अस्पताल में मल्टीपल माइलोमा का मामला सफल एससीटी से गुजरा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल के डॉक्टरों ने स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन (एससीटी) के माध्यम से ब्लड कैंसर के एक प्रकार मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित 52 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया है। हेमाटोलॉजी विभाग की प्रमुख प्रो प्रियंका सामल ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों को बताया कि मरीज का इलाज अलग तरीके से किया गया क्योंकि उसने पहले इलाज के द्वारा कोई अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं दी थी। प्रोफेसर डॉ सामल ने कहा कि डॉक्टरों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ी क्योंकि जब पहली बार उनमें इस बीमारी का पता चला था तब उन्हें किडनी फेल होने का पता चला था। प्रो सामल ने कहा कि एससीटी के बाद सभी पैरामीटर अच्छे थे और मरीज को स्थिर स्थिति में छुट्टी दे दी गयी। मौके पर अधीक्षक प्रो पुष्पराज सामंतसिंहार ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख, प्रो गिरिजानंदिनी कानूनगो मुख्य ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग और डॉ प्रीतीश चंद्र पात्र हेमेटोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर उपस्थित थे।

# जनता और सरकार के बीच सांस्कृतिक महासेतु है पत्रकारिता : डॉ जेबी पांडेय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोरापुट, ओड़िशा।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। विषय था पत्रकारिता का दायित्व। मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुए हिंदी विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ जेबी पांडेय ने कहा कि जन जन तक आम सूचनाओं को पहुंचाने की हर कोशिश का नाम पत्रकारिता है। नारद भारत के पहले पत्रकार संवाददाता और वेद व्यास प्रथम संपादक हैं। पत्रकारिता की शक्ति की चर्चा की। पत्रकारिता में वह शक्ति छिपी हुई है, जो तोप तलवार और बम के गोलों में भी नही पायी जाती। रांगेय राघव ने ठीक ही कहा है किः

**खीचों न कमानो को न तलवार निकालो।**
**जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।**

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए हिंदी के अतिथि प्राध्यापक डॉ हेमराज मीणा ने कहा कि पत्रकारिता की डगर तलवार के धार पर चलने जैसी है। इस अवसर पर डॉ सोनी पाढ़ी, डॉ तल्त जहां बेगम डा देवब्रत, देवेदंर रागूला तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। आगत अतिथियों का भव्य स्वागत अध्यक्ष डॉ सौरभ गुप्ता, संचालन अंकिता दाश, मंगलाचार तेलाराम मेहर ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रदोष कुमार रथ ने किया। समापन राष्ट्र गान से हुआ।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in 07

## क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 16 फरवरी से

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रीमियर लीग के तत्वाधान में जीपीएल. कप सीजन 3 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 फरवरी से स्थानीय रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जिसका भव्य उद्घाटन प्रदेश के मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर जी के द्वारा किया जायेगा। यह प्रतियोगिता पूरी तरह से नाक आउट खेला जायेगा। साथ ही साथ प्रत्येक मैच 12-12 ओवर का खेला जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 2500 रुपया रखा गया है वही विजेता टीम को 31000 नगद के साथ ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15000 के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी इनसे साथ ही साथ जीपीएल. प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन अवार्ड, बेस्ट बॉलर अवार्ड एवम बेस्ट फिल्डर अवार्ड भी दिया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 9572420429, 8210583203 पर संपर्क कर सकते है।


## बाइक के धक्के से मजदूर की मौत

**केतार (आजाद सिपाही)।** कोल रोड-कांडी मुख्य पथ पर मुकुन्दपुर गांव के समीप बाईक दुघर्टना में मुकुन्दपुर गांव निवासी दिहाड़ी मजदूर देवकी बियार ( 60 वर्ष) की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवकी बियार गुरुवार कि रात्रि अपने घर पैदल जा रहे थे। इसी बीच घर के कुछ दूरी पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मार कर फरार हो गया। आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देवकी बियार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते मुखिया मुंगा साह शुक्रवार की सुबह भवनाथपुर सीएचसी पहुंचकर मृतक देवकी बियार का शव को पोस्टमार्टम करने के लिए गढ़वा भिजवाया।

## अरहर के खेत में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पचफेड़ी बस स्टैंड के समीप अरहर के खेत में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृत युवक की पहचान टिकुलडीहा गांव निवासी अफरोज खान उम्र करीब 35 वर्ष पिता फारुख खान के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह में कुछ लोगों की नजर पचफेड़ी बस स्टैंड के पास रहर के खेत में अफरोज के शव पड़ी। इसकी खबर जंगल की आग की तरह आसपास मे फैल गई, देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गये जिसकी पहचान अफरोज खान के रूप में किया गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार के दी गई। थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच उपस्थित लोगों के समक्ष पंचनामा के बाद शव कब्जे मे लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा दिया। पूछे जाने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अफरोज की मौत का खुलासा संभव हो पायेगा। वैसे पुलिस मामले की तहकीकात हर एंगल से करेगी। मौके पर ओखरगाड़ा पूर्वी पंचायत के मुखिया अजीज अंसारी, जाकिर खान, रसीद अंसारी, फिरोज अंसारी, कामेश्वर यादव, पूर्व मुखिया कृष्णा प्रसाद, नैमुद्दीन खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सीआइपी कांके के पूर्व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन 12 फरवरी को गढ़वा में क्लिनिक ऑन स्क्रीन सेवा देंगे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीआइपी कांके (रांची) के प्रसिद्ध न्यूरो-मनोचिकित्सक डा. राजीव रंजन 12 फरवरी को गढ़वा स्तिथ क्लिनिक ऑन स्क्रीन में सेवा देंगे। इसकी जानकारी देते हुए डॉ राजीव रंजन ने कहा कि मानसिक रोग को बढ़ाने में मानसिक तनाव, नशा की बड़ी भूमिका होती है। यदि इस पर काबू नहीं पाया गया तो मानसिक रोग डायबिटिज जैसी तेजी से फैलने वाली बीमारी को भी पीछे छोड़ देगा। मानसिक रोग के प्रमुख तीन स्त्रोत होते हैं। प्रथम स्त्रोत फैमिली है। जिसे घर में कोई मानसिक रोगी होता है उसके वंशज को यह रोग हो सकता है, लेकिन इसकी दर बहुत ही कम होती है। दूसरा कारण घर में परवरिश की होती है। बच्चों पर प्रोपर ध्यान नहीं देने उन्हें डांटते फटकारते रहने या उन्हें पूरी तरह फ्री छोड़ देने के बाद उनके अंदर मानसिक बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। तीसरा कारण आसपास का माहौल होता है। डरावनी माहौल के कारण कुछ लोग मानसिक रूप से बीमार हो जाते हैं तो कुछ तेज आवाज सुनने के बाद भी परेशान हो जाते हैं। उन्हांने कहा कि मानसिक रोग की जांच के लिए कोई उपकरण अभी तक नहीं बने हैं। अनुभव के आधार पर ही उसकी जांच होती है और दवा दी जाती है। प्रातः दो तरह के मानसिक रोगी पाये जाते हैं। एक कॉमन मेंटल डिजऑडर दूसरा सिवियर मेंटर डिजऑडर। चिंता, बेचैनी, अनिद्रा, भीड़, एकांत में रहना एवं बार-बार हाथ धोना मानसिक बीमारी के लक्षण माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की लक्षण पाये जाने पर अविलंब मनोचिकित्सक से मिलना चाहिए। इस बीमारी के इलाज में जितना विलंब होता है उतना ही अधिक दिन दवा खाना पड़ता है। उन्हांने कहा कि मानसिक रोग ठीक होने वाली बीमारी है। इसे दवा से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने इस बीमारी में नशा की प्रमुख भूमिका होने की बात कही। लोग नशा में फंस कर शारीरिक कमजोरियां के साथ-साथ मानसिक बीमारियां भी मुफ्त में ले लेंते हैं जो मानसिक रोग के रूप में सामने आ जाता है। डॉ राजीव रंजन ने कहा की उपचार के सहारे नसा से भी मुक्ति मिल सकता है। क्लिनिक ऑन स्क्रीन के निदेशक शक्ति कुमार सिंह ने कहा कि विगत 2 वर्ष से क्लिनिक ऑन स्क्रीन में अपनी सेवा दे रहे हैं, आस पास इलाके के लोग जिन्हें सीआइपी घंटो सफर कर जाना पड़ता था तब जाकर डॉक्टर से मुलाकात होती थी उन्हें अब गढ़वा में वह सुविधा मिल रही है, जिससे मरीज काफी लाभांवित हो रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि सुपरस्पेसलिस्ट चिकित्सक के बारे में 9835771738 अथवा 7061962110 पर सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन

# गढ़वा के प्रवासियों को दिया जायेगा एसआइएस में रोजगार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा गढ़वा जिला में विभिन्न स्थानों पर दिनांक-15/02/23 से 26/02/23 तक भर्ती की जायेगी। भर्ती से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भर्ती के दौरान व्यवस्था पर शांति हेतु जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया है। बहाली के दौरान जिला पुलिस बल की ओर से जवानों की तैनाती की जायेगी तथा बहाली शांति पूर्वक हो, इसके लिए एसआइएस लिमिटेड के जवान अधिकारी भी तैनात रहेंगे। भर्ती टीम सेंट्रल ट्रेनिंग गढ़वा झारखंड की टीम पहुंच चुकी है। इस भर्ती शिविर में 200 सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर 50 और कैश कस्टोडियन 20 का चयन किया जायेगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को 21 सेंटरों में से एक सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा झारखंड में 1 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें ड्रिल और पीटी कराटे थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी तथा प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। भर्ती अधिकारी सुनील प्रसाद (संपर्क नंबर- 7903742868, 8340561992) ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य सुरक्षा जवान के लिए उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर और वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 21 वर्ष से 37 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर और वजन 56 किलो होना अनिवार्य है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि देशभर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा जवानों के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए गढ़वा जिला के नवयुवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।



### गढ़वा जिला के सभी थानों में किया जायेगा शिविर का आयोजनः कमांडेंट

**गढवा (आजाद सिपाही)। दिनांक 15/02/23 को भंडरिया थाना परिसर में, 16/02/23 को रमकंडा थाना परिसर में 17/02 /23 रंका थाना परिसर में, 18/02/23 को धुरकी थाना परिसर में, 19/02/23 को भवनाथपुर थाना परिसर में, 20/02/23 को नगर उंटारी थाना परिसर में, 21/02/23 को मेराल थाना परिसर में, 22/02/23 को चिनिया थाना परिसर में, 23/02/23 को कांडी थाना परिसर में, 24/02/23 को बिशुनपुरा थाना परिसर में, 25/02/23 डंडई थाना परिसर में, 26/02/23 को मंझिआंव थाना परिसर में भर्ती के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे। भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड, लिखित परीक्षा लिया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों के लिए 350 रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जायेगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण उपरांत सभी जवानों को एसआइएस इंडिया लिमिटेड जो एसआइओ 9008 मानक विभागों में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया का मुख्य कार्य स्थल लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सिकरी, खुजराहो, मेट्रो स्टेशन, रांची स्टेट बैंक, एटीएम बैंक, बड़ोदरा, सीआइटी, टाटा बिरला ग्रुप, हिंडालको, विप्रो, म्यूजिक, वर्ल्ड एयरपोर्ट, पोर्ट बंदरगाह, चेकनाका इत्यादि जगहों पर नियुक्ति की जायेगी। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एसआइएस के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जायेगा, राज्य सरकार की न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यता अनुसार, सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, ग्रेच्युटी, इंश्योरेंस, इएसआइ, मेडिकल, आवास, मेस की सुविधा एवं प्रमोशन दी जायेगी।**

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गरबांध पंचायत में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीओ आलोक कुमार, सीएस डॉ अनिल कुमार, जिला भीबीडी सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी, डीपीएम प्रवीण सिंह, डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी एवं मुखिया सिबिश्टियानी केरकेटा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं लोगों को दवा खिलाकर किया। मौके पर एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। उन्होंने लोगों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने एवं दवा खाने व दूसरे को भी खिलाने की अपील की। सीएस ने कहा की फाइलेरिया से बचाव के लिये सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त में दवा दी जा रही है। एक पखवारा तक चलने वाले अभियान में कार्यक्रम की सफलता के लिये आशा, आंगनबाड़ी एवं प्रशिक्षित वॉलेंटियर को लगाया गया है। जो घर-घर जाकर दो वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को दवा की खुराक देंगे। सीएस ने कहा कि डीईसी की गोली खाली पेट नहीं खाना है एवं एल्बेंडाजोल की गोली को चबाकर खाना है। महामारी विशेषज्ञ संतोष मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया में पैरों, हाथों में सुजन आ जाती है। जिसे हाथी पैर कहा जाता है। मौके पर एमटीएस विजय पाठक, ब्लॉक डाटा मैनेजर अनुरंजन पांडेय, असफाक अहमद, केयर इंडिया से विजय पांडेय, लेखापाल करुणा कुमारी, दिलीप शर्मा समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र के कॉपर गांव में सगमा के मजदूर की मौत, शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

## पिता ने इकलौते पुत्र का शव मंगवाने के लिए जमीन बेचकर एंबुलेंस को 60 हजार रुपये दिये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत घघरी गांव निवासी नरायण यादव का 32 वर्षीय पुत्र योगेंद्र यादव की मौत महाराष्ट्र के सोलापुर जिले से मजदूरी कर घर आने की दौरान कॉपर गांव मे हुआ था। दिन शुक्रवार महाराष्ट्र से योगेंद्र को शव घर पहुंचते ही परिजनों के चीख पुकार से गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। मृतक की पत्नी विंदा देवी शव से लिपटकर दहाड़ मारकर रो पड़ी और मां एवं पत्नी बार-बार मूर्छित हो जा रही थी। पत्नी के आंसू थमने का नाम नही ले रही थी।वहीं मृतक की आखिरी दर्शन के लिए पूरे गांव के महिला, पुरूष, बच्चे, बूढ़े और नौजवान उमड़ पड़े। बताते चले की परिवार की जीविका चलाने के लिए योगेंद्र अपने परिवार क्के एकलौते पुत्र थे जीबीका चलाने लिए बलि की भेंट चढ़ गए। वहीं मृतक योगेंद्र यादव का पुत्र 8 वर्षीय अमित कुमार एवं 6 वर्षीय अंकुश कुमार नाम के दो पुत्र अपने पिता के चेहरे को टुकुर-टुकुर निहार रहे थे। इन सब दृश्यों को देख आस-पास के लोग भी अपनी आंसू नहीं रोक पा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार योगेंद्र पिछले तीन सप्ताह पूर्व मे अपने साथियों के साथ महाराष्ट्र मे सोलापुर थाना चीनटोली के ठीकेदार सुखदेव राम से कॉन्टेक्ट कर सरिया सेटरिंग महाराष्ट्र में काम करने गया था। दिन सोमवार को योगेंद्र को काम करने के दौरान अचानक पेट में दर्द होने लगा देखते ही देखते योगेंद्र के शरीर में सूजन होने से तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में साथियों के द्वारा निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जो इलाज के बाद योगेंद्र को स्वाथ्य में सुधार आया था, जिसके बाद योगेंद्र घर लौटने के दौरान ट्रेन में पुनः तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर सहयोगियों ने कॉपर स्टेशन से उतारकर टेंपो से इलाज के लिए शी साईं बाबा हॉस्पिटल मे इलाज के लिए भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पूर्व मुखिया विनोद कुमार राम ने कहा की मृतक के पिता नारायण यादव ने अपने इकलौते पुत्र योगेंद्र यादव की शव को मंगाने के लिए अपना जमीन बेचकर निजी एंबुलेंस को दिया उसके बाद ही शव को लाया गया और उन्होने प्रखंड प्रशासन से मांग किया है की मृतक के घर परिवार अत्यंत गरीब परिवार से है, इसे देखते हुए प्रखंड प्रशासन मांग करते हुए कहा की मृतक के क्रिया कर्म करने के लिए पांच किंटल चावल, तीन किंटल गेहूं और 50 हजार रुपया की तत्काल ब्यवस्था करने की मांग किया है। ताकि मृतक के पिता को और जमीन बेचने पर मजबूर नहीं होना पड़े। कहा कि प्रवासी मजदूरों की मौत हो जाने की यह कोई पहली घटना नहीं है। झारखंड के नौजवानों को रोजी-रोटी कमाने के लिए देश-विदेश जाना पड़ता है, जहां पर उन्हें तरह-तरह की परेशानियों को झेलना पड़ता है। उन्होंने राज्सरकार से निवेदन किया है कि इन मजदूरों की हितों मे अपना राज्य मे ही ऐसा फैक्ट्री, प्लांट का ब्यवस्था करे ताकि दूसरे जहां यहां के मजदूरों को काम करने के लिए नहीं जाना पड़े। वही मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम ने मृतक के परिवार को सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा हर हर संभव दिलवाने की बात कहा गया। शव के गांव पहुंचने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर किया गया।

### ये रहे मौजूद

मौके पर पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रविंद्र बैठा, दीपक यादव, हिराचन यादव, अभिषेक कुमार, रामप्रताप यादव, सिना यादव, भिखारी बैठा, नीलेश यादव, संतोष यादव, लल्ला यादव, बाबू लाल यादव, रामकुमार यादव, रामपति यादव मृतक का लड़का अमित कुमार, अंकुश कुमार सहित कई लोग मौजद थे।

## अमृत बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में युवाओं के बिच मोदी सरकार द्वारा लाये गये अमृत बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन शिवेशर चंद्रवंशी कॉलेज मझीआंव में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। युवाओं ने खुलकर अमृत बजट पर चर्चा किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी बजट पर चर्चा किया। अपना अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि मोदी सरकार का बजट से देश को काफी लाभ होगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि मोदी सरकार का बजट में युवाओं के लिए रोजगारयुक्त शिक्षा का प्रावधान किया गया है कौशल विकास के तहत बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे युवाओं को काफी लाभ होगा। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री संजय कमलापुरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनू गुप्ता मिथिलेश सिंह संजीत कुमार प्रेम कुमार दीक्षित पंकज दुबे रामविनय मेहता प्रदीप कुमार सुनील कुमार रेणु कुमारी सुमन कुमारी सहित अन्य सैकड़ों युवा मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

**अतिअल्प कालीन निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना सं० –05/2022–23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 16.02.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 17.02.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 17.02.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair and maintenance of Domestic/Commercial type water purifier with Cooler of different models installed at RIMS Main Building and others Rims Departmental Building at Campus of RIMS Bariatu, Ranchiunder D.W. & S. Division Gonda, Ranchi. | 8,43,467.00 | 17,000.00 | 1250.00 | 10 Months |
| 2. | Repair and maintenance of Domestic/Commercial type water purifier with Cooler of different models installed at RIMS Boys Hostel and Girls Hostel at Campus of RIMS Bariatu, Ranchi under D.W. & S. Division Gonda, Ranchi. | 9,95,298.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 10 Months |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

प्रभारी कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.289825 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला**
**E-Mail – nrepgumla@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 18/2022-23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिकी की तिथि | :– | दिनांक 16.02.2023 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 17.02.2023 को 01.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 17. 02.2023 को 01.30 बजे अपराहन में। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिकी का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला। |
| 6. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला। |
| 7. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला। |
| 8. | कार्य मद | :– | SCA |
| 9. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Bharno | Construction of Boundary wall at Model School Bharno (Part-A) | 2369000.00 | 47500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | Bharno | Construction of Boundary wall at Model School Bharno (Part-B) | 2275620.00 | 46000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | Palkot | Construction of (I) PCC Road at Kathal Tree to South Panchayat office + (II) Kathal Tree to Tahsil Kutchery + (III) PCC approach Road of Block office Palkot + (IV) Shiva Temple to Kathal Tree, Length- 0.400km | 2208500.00 | 44500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | Palkot | Upgradation of Old Boundary wall at Block Campus, Palkot | 2430800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | Raidih | Construction of PCC Road from Aethwari House to Chabutra, Gram-Uper Khursuta. | 2492600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |

निविदा की शर्तेः–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. समय पर एकरारनामा नहीं करने वाले/दिये गये Work Programme अनुसार कार्य नहीं करने वाले संवेदक को निविदा कागजात निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. एक NIT में किसी भी संवेदक को एक हीं ग्रुप का परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
5. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला

PR 289871 NREP(22-23).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पश्चिम,राँची**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
**(द्वितीय कॉल)**

जिसका **PR No. 279820 (Drinking Water and Sanitaion)** 2022–23 है।
**Tender Reference No. - DWSD/RW-06/2022-23 Date - 09-02-2023**

| S.No | Name of the Work | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, R.C.C. Gang Way ,72.5 MLD capacity Water Treatment Plant, Intermediate UG Sump Capacity 45.0 Lakh Litter, ESR-1 7.50 Lakh Litre capacity with 13 M staging, ESR-2 6.50 Lakh Litre capacity with 24 M staging , ESR-3 10.50 Lakh Litre capacity with 18 M staging , ESR-4 16.75 Lakh Litre capacity with 24 M staging , ESR-5 3.75 Lakh Litre capacity with 11 M staging , ESR-6 6.50Lakh Litre capacity with 08 M staging , ESR-7 2.25 Lakh Litre capacity with 13 M staging ESR-8 9.50 Lakh Litre capacity with 24 M staging , ESR-9 2.50 Lakh Litre capacity with 08 M staging , ESR-10 3.50 Lakh Litre capacity with 08 M staging, ESR-11 6.50 Lakh Litre capacity with 24 M staging, ESR-12 11.50 Lakh Litre capacity with 24 M staging, ESR-13 3.70 Lakh Litre capacity with 24 M staging, GSR Zone-14 3.50 Lakh Litre capacity, ESR-15 3.10 Lakh Litre capacity with 21 M staging, Staff Quarter, Compound wall , Supplying and laying Raw/Clear Water rising main and Distribution Network, RCC Riser, House Connection, Railway Crossing, Road Crossing, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for Mega Rural Water Supply Scheme along Ring Road ,Under DW&S Division Ranchi West Ranchi on turnkey basis", | 47393.43 | 473.94 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 27 Months + 3 months (trial and run) | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 11-02-2023 at 05:00 P.M | | |
| 4 | प्री–बीड बैठक का स्थान एवं तिथि | 14-02-2023 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi. | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 20-02-2023 up to 04:00 P.M | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 21-02-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | 22-02-2023 up to 02:00 P.M | | |
| 8 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2491247 | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पश्चिम, राँची

PR 289822 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरी टांगरडीह में प्री बोर्ड मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से शुरू



**डुमरी/गुमला (आजाद सिपाही)।** +23च्च विद्यालय टांगरडीह डुमरी में प्री बोर्ड मैट्रिक और इंटर की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा आज से शुरू हो गई है। विद्यालय प्राचार्य विकास कुमार महतो ने बताया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 तथा वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को तनाव से मुक्ति और तैयारी के दृष्टिकोण से यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा 17/02/2023 तक होगी। इसके तुरंत बाद मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 की प्रायोगिक परीक्षा भी ली जायेगी। ज्ञाताव्य है कि जैक द्वारा मैट्रिक व इंरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2023 की शुरूआत दिनांक 14 /03/2023 से शुरू हो रही है।

## पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे पुस्तकालय भवन का शुक्रवार को अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने पुस्तकालय के सभी कमरों को देखा साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित संवेदक को दिया ।साथ ही उन्होंने कार्यों में तेजी लाते हुए 15 फरवरी तक कमरे के कार्य को पूरा करने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि पुस्तकालय बनने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को लाभ मिलेगा जो बच्चे बिना किताब कि अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते और तैयारी नहीं कर पाते उनके लिए यह बेहतर साधन साबित होगा। बच्चे बच्चियों के लिए अलग-अलग व्यवस्था उक्त पुस्तकालय भवन में की जायेगी। साथ ही पुस्तकालय भवन तकनीकी सामग्री से लैस होगा कंप्यूटर युक्त व्यवस्था भी दी जायेगी। ताकि बच्चे बेहतर कर खुद को एक प्लेटफार्म पर स्थापित कर सके। बच्चे पुस्तकालय का लाभ उठायें। वही श्री गुप्ता ने समाज सेवियों से यह भी अपील किया कि वह जरूर एक गरीब असहाय या विकलांग बच्चे को जरूर गोद ले ताकि बच्चे बेहतर करें और आपके प्रखंड का नाम रोशन करें और किसी पद पर सुशोभित हो। इसके साथ ही बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप और सीओ प्रणव ऋतु राज को कई दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी पढ़ाई के क्षेत्र में एक बेहतर करके यहां तक पहुंचे हैं जिसका लाभ आप इस क्षेत्र के बच्चों को भी दें आप हाइ स्कूल कॉलेजों में जरूर जाकर एक क्लास ले और बच्चों को मोटिवेट करें कि वह पुस्तकालय मैं आकर इसका लाभ उठायें। इस मौके पर उपस्थित लोगों में कृष्णा कुमार लोहरा, रवि पहान, विनोद महतो, विवेक कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा लगभग 13 वर्ष शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे अपनी सहेली से घर से नवडीहा स्कूल जाने के लिए साइकिल निकली। इस दौरान पतरा में पहले से घात लगा कर बैठे बेती पतराटोली ग्राम निवासी पंकज उरांव ने जैसे ही दोनों बच्ची साइकिल से पहुंची पीछे बैठे बच्ची को पंकज ने पकड़ा और पतरा की ओर ले जाने लगा। जिसके बाद सहेली डर से भागते हुए विद्यालय पहुंची और सारी जानकारी दी जिसके बाद दुरभाष पर परिजनों को घटना की जानकारी दिया गया। जिसके बाद गांव से लगभग 8-0 की संख्या में ग्रामीण पतरा में पहुंचे छानबीन करने लगे कुछ पता नहीं चला। लगभग 1 घंटे के बाद युवती रोते-रोते घर की ओर आयी। इस दौरान युवती का ड्रेस पूरा गंदा था। गांव आने के बाद अपने घर वालों को नाबालिग बच्ची घटना की सारी जानकारी दी, परिजन पूरे मामले को लेकर डरे सहमे थे। इसी दौरान अपने निजी कार्य को लेकर महिला मंडल की बीआरपी महिला गांव पहुंची इस दौरान महिलाओं में घटना के संबंध में चर्चा सुनी जिसके बाद महिला मंडल की उक्त महिला पीड़ित बच्ची से मिल घटना की सारी जानकारी ली और परिजनों के साथ लेकर थाना आयी और सारी जानकारी दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए थानेदार अमित कुमार चौधरी सूचना मिलने के 3 घंटे के अंदर दुष्कर्मी युवक को पकड़कर घाघरा थाना ले आये। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा सूचना मिला कि नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है। जिसके बाद छानबीन में लगे गांव पहुंचते ही पुलिस की गाड़ी देख आरोपी भागने लगा जिसके बाद पतरा में दौड़ा कर पकड़ा गया।

## पशु टीकाकरण से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पशु टीकाकरण से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां अपर समाहर्ता सुधीर कुमार अंचलाधिकारी धनंजय पाठक प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जहां बी ए एच ओ डॉक्टर मीनू खलखो के द्वारा उपस्थित पशु सखी, कृषक मित्र, लाइवलीहुड, जेएसएलपीएस बीआरपी एटीएम, आदि लोगों को दिया गया साथ ही साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से भी जानकारी दी गई। प्रैक्टिकल स्थल में अपर समाहर्ता ने कहा कि अपने गांव पंचायत में सभी पशुओं का खुरहा मुंहपका रोग का टीकाकरण कराएं आप लोगों ने जो प्रैक्टिकल के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया है उसकी शुरूआत आप अपने पशुओं से करें ताकि आप लोगों का अनुभव और अधिक हो सके। प्रशिक्षण दिए जाने का उद्देश्य बताते हुए डॉक्टर मीनू ने कहा कि फूड एंड माउथ डीजीज को खुरपका और मुंहपका रोग भी कहते हैं यह रोग गाय भैंस बकरी सुकर आदि में होने वाला जनित संकामक रोग है। और यह पशुओं के लिए काफी नुकसानदायक है आप सभी के सहयोग से अभियान चलाकर पशुओं को टीकाकरण करना है। ताकि मवेशियों को बीमारियों से बचाया जा सके इस दौरान उन्होंने पशुओं में होने वाली कई बीमारि एवं बचाव से संबंधित जानकारी भी उपस्थित लोगों दिया। इस मौके पर बीपीएम रुपाली कुमारी कृषि पदाधिकारी परहू साहू सहित कई प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### नगर परिषद द्वारा की गयी सात दुकानों की बंदोबस्ती रद्द

# लगातार चेतावनी के बाद भी वर्षों से किराया नहीं दे रहे थे दुकानदार

आजाद सिपाही संवाददाता

### अगले सप्ताह डिफॉल्टर दुकानदारों का भी आवंटन रद्द किया जायेगा

**बताया कि पिछले माह भी कई ऐसे आवंटियों की दुकानों का आवंटन निरस्त किया गया था जो खुद की बजाये दूसरे लोगों को किराये पर दुकानें उपआवंटित किये हुए थे। बताया कि अभी टंगरा मार्केट तथा पुराने नगर पंचायत भवन के निकट स्थित दुकानों के डिफॉल्टर्स की बंदोबस्ती रद्द करने की प्रक्रिया अभी चल रही है, अगले सप्ताह यहां के डिफॉल्टर दुकानदारों का भी आवंटन रद्द किया जायेगा।**

**गुमला।** नगर परिषद ने किराया नहीं देने एवं बकाया राशि अदा नहीं करने पर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात दुकानों की बंदोबस्ती रद्द कर दी है। नगर परिषद का राजस्व प्रबंधन बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। शुक्रवार को नगर परिषद ने अपने स्वामित्व वाली किराये पर चल रही सात दुकानों का आवंटन रद्द कर दिया है। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उनके कर दरोगाओं, लेखापाल तथा नगर प्रबंधकों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन तथा स्थानीय जांच के उपरांत जिन सात दुकानों का आवंटन रद्द किया गया है उनमें बस पड़ाव स्थित दुकान संख्या 13 (बंटी राम), दुकान संख्या 15(विनय कुमार), दुकान संख्या 21(राजा राम सिंह), दुकान संख्या 28(संतोष कुमार), दुकान संख्या 4 (रामसागर प्रसाद) व दुकान संख्या 5 शामिल हैं। इनके अलावा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के निकट स्थित दुकान नंबर 10 ( तारकेश्वर सिंह) के आवंटन को भी निरस्त कर दिया गया है। बताया कि इन सभी दुकानदारों को लगातार बकाया किराया जमा करने तथा नये सिरे से एकरारनामा करने हेतु चेतावनी दी जा रही थी। किंतु न तो इन लोगों ने बकाया पैसा जमा करने में कोई रूचि दिखाई और न ही इकरारनामा करने में। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वर्षों पूर्व इन सभी से हुये इकरारनामा की शर्तों के अनुरूप यदि कोई आवंटी 3 क्रमागत माह तक लगातार किराया जमा नहीं करता है, तो उसकी बंदोबस्ती स्वतः रद्द हो जाएगी। इसलिए राजस्व हित देखते हुए तथा एकरारनामा की शर्तों को मददेनजर रखते हुए इन सात दुकानों का आवंटन तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया।

### 'आजाद सिपाही' में छपी खबर पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने लिया संज्ञान

## मिशन बदलाव की महिला टीम ने एसपी को दिया था ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** अब पुलिस की पिंक वैन की गश्ती बढ़ा दी जाएगी। ताकि शहर और आसपास स्कूल, कालेज, कोचिंग सेंटर या रास्ते में आने जानें वाली मां, बहन, बहु बेटियां मनचलों के छिछोरेपन से सुरक्षित रह सकें। पिंक वैन की गश्ती बढ़ाने का निर्णय आजाद सिपाही में छपी खबर के बाद डीसी और पुलिस अधीक्षक के संज्ञान लेने के कारण लिया गया है। शुक्रवार यानी 9 फरवरी के अंक में आजाद सिपाही ने मिशन बदलाव की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस में बताया गया था कि निशान बदलाव की जिला सचिव सैयदा खातुन के नेतृत्व में इस आशय का ज्ञापन जिले के वरीय पदाधिकारियों को दिया गया है। गुरूवार को सैयदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर और बिनय गोप ने पुलिस अधीक्षक गुमला के नाम मांग पत्र सौंपा था और पुलिस अधीक्षक को बताया था कि सड़क में आवारा एवं शरारती तत्वों के साथ साथ नाबालिग बच्चों के द्वारा मोटरसाइकिल को बिना रोक टोक के सड़को पर अन्धाधुंग चलाया जाता है। और स्कूली छात्राओं को शो बाजी करते हुए करतब दिखाने के चक्कर मे छेड़छाड़ भी की जाती है। और कभी कभी नाबालिग मोटर सायकिल चालकों के दुर्घटनाग्रस्त भी हो जाती है। आज ऐसे मोटरसाइकिल चालकों के वजह से स्कूल जाने वाले लड़कियों को भी छेड़खानी एवं अन्य परेशानी का सामना करना पड़ता है।सैयदा खातून ने बताया था कि इस तरह की हरकतों से स्कूल जाने वाली लड़कियां बहुत असहज महसूस कर रही है। इनकी सुरक्षा को ध्यानपूर्वक देखते हुए ऐसे नाबालिगों मोटरसाइकिल राइडरों को रोक लगाया जाए और मनचलों युवाओं के ऊपर मोटरसाइकिल वाहन अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया जाय और लाइंसेस हेलमेट भी चेक किया जाय और ऐसे युवाओं को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जाए। आज स्कूलों की छूटी होने के बाद स्कूलों के अगल बगल ऐसे मनचले युवाओं एवं नाबालिग लड़कों का जमावड़ा लगा रहता है जिस कारण लकड़ियों को असुरक्षा का भाव लगा रहता है। इसलिये स्कूलों के आस पास प्रतिदिन पेट्रोलिग भी बढ़ाई जाए जिससे ऐसे मनचले युवा पर लगाम लग सके। इस पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने फौरन पिंक वैन की पेट्रोलिंग बढ़ाने की बात कही है।

## पुलिस ने किया मुंशी हत्या कांड का खुलासा, एक गिरफ्तार, दो फरार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मुंशी हत्या कांड का खुलासा करते हुए गुमला पुलिस ने विकास कुमार बड़ाईक उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। शहर का चर्चित हत्या कांड कलक्ष्मण नगर निवासी परमेश्वर सिंह की आठ दिन पूर्व हत्या कर दी गई थी। मामले का गुमला पुलिस ने आठ दिन के बाद उद्भेन करते हुए घटना में शामिल विकास कुमार बड़ाईक उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद एसडीपीओ मनीष चंद्र डा. लाल ने बताया कि हत्या कांड में तीन लोग शामिल थे जिसमें दो अभियुक्त फरार है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। जानकारी के अनुसार दोनों अभियुक्त गुमला से बाहर भागे हुए हैं ।

## नशा बंदी कानून को कड़ाई से लागू करने की जरूरत: भूषण भगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नशामुक्ति अभियान की शुरूआत कामडारा में मिशन बदलाव और महिला मंडल प्रखण्ड कामडारा के महिलाओं के सयुंक्त अभियान से शुरू किया गया,अभियान का अगुवाई रॉबर्ट बरला ने किया। इसमे सबसे पहले नशामुक्ति अभियान की रैली निकाला गया। रैली मिशन चौक से स्टेडियम तक सभा मे तब्दील हुआ। सभा को संबोधित करते हुए मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा नशा ऐसे बुराई है जिसकी वजह से व्यक्ति अपना अनमोल जीवन समय से पहले ही खो देता है, नशा करने से व्यक्ति अपने शारीरिक व मानसिक संतुलन को नियंत्रित नहीं कर पाता और नशा से बचने की जरूरत है, मिशन बदलाव असम के प्रभारी अधिवक्ता अमर गोपू ने कहा कि नशा से सामाजिक एवं आर्थिक जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है। समाज सेवी रॉबर्ट बरला ने कहा कि नशे का कुप्रभाव आज विश्व के हर देश में देखा जा रहा और इससे समाज को रोकने की जरूरत है। जॉन फेड्रिक टोपनो के द्वारा भी विचार दिया। मंच संचालन सुगन बरला ने किया, आज के महत्वपूर्ण बैठक में मिशन बदलाव प्रखंड अध्यक्ष मारवड़ी विरोहर, प्रखंड सयोंजक रामबालक बड़ाइक, प्रखण्ड सचिव जॉन टोपनो, मिशन बदलाव सलाहकार समिति सदस्य, जेम्श होरो, सिकंदर सिह अनूप टोपनो, बिनय टोपनो, विमल होरो, नमन टोपनो, मुकुंद राम और सुगर बरला, फुलमनी सोरेंग बिल्सी बरला, बिजवंती देवी, पद्मआती देवी, इलसिया बरला उपस्थित थे।

## जागरूकता फैलाने के साथ-साथ फाइलेरिया की दवा खिलायी जायेगी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम एमडीए का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीससूत्री अध्यक्ष रवि उरांव एवं सीओ अरुणिमा एक्का ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं सभी को दवा खिलाकर कर किया गया। कार्यक्रम के तहत 10 से 25 फरवरी तक प्रखंड के सभी गांव, स्कूलों,आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पताल में स्थानीय सहिया के माध्यम से लोगों को जागरूकता फैलाना और फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। प्रमुख मीना देवी के कहा कि सरकार द्वारा फाइलेरिया मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर पुरे प्रखंड में आज से लेकर 25 फरवरी तक सहिया के माध्यम से डोर टू डोर जाकर लोगों को फाइलेरिया का डीईसी और अल्वेन्डाजोल की दवा दी जायेगी। फाइलेरिया एक लाइलाज रहित बीमारी है। सरकार के द्वारा दी जा रही दवा का सेवन कर इस बिमारी से बचा जा सकता है। लोग निर्भिक होकर दवा का सेवन करें और अपने व अपने परिवार को जीवन स्वस्थ व सुरक्षित रखें। वहीं बीडीओ सुनीला खलखो ने कहा कि फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन ने लगातार काम कर रही है। इसको लेकर प्रखंड के सभी सहिया दीदीयों को निर्देश दिया गया है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों , गर्भवती माताओं एवं गंभीर रूप से बीमार से ग्रस्ति लोगों को छोड़ कर बाकी सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा की दो खुराक खिलाया जाना है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ ललिता मिंज, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह,पीसीआइ ब्लॉक कोडिनेटर मीरा शर्मा, नवीन केरकेट्टा, रोशन लकड़ा, सुनील कुमार, निर्मल कुजूर, राजेश गुप्ता, सीताराम उरांव, संजीता कुमारी, संध्या तिग्गा, पुनम देवी, सुखमनी देवी, प्रवीण किंडो सहित कई स्वास्थ्य कर्मी व लोग उपस्थित थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**

शिक्षा का अधिकार

**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०, चाईबासा रोड, खूँटी- 835210**
**Email ID – jepkhunti@gmail.com**

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय उपयोग हेतु किराये पर वाहन के लिये अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय कार्य के लिये दैनिक/मासिक/आवश्यकतानुसार किराये पर झारखण्ड राज्य में निबंधित चार चक्का व्यावसायिक वातानुकूलित/सामान्य वाहन यथा स्कॉर्पियो/बोलेरो/पिकअप वैन (01 टन) की आवश्यकता है। वाहन उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति/फर्म दिनांक 27.02.2023 के अप0 12.30 बजे तक जिला कार्यालय से निविदा प्राप्त करते हुए दिनांक 28.02.2023 के अप0 12.30 बजे तक वाहन किराया हेतु द्विलिफाफा (तकनीकी एवं वित्तीय) निविदा प्रपत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उसी तिथि को अप0 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। किराये पर वाहन उपलब्ध कराने संबंधी अन्य शर्तें खूँटी जिला के आधिकारिक वेबसाईट https://khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 289872 District (22-23)_D

**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :- 281/2022-23/RWD/GARHWA          दिनांक :- 09.02.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ GARHWA/36 /SRPKG-01 /2022-23 | (i) एन0एच0–343 खरडीहा मुख्य पथ से तेनुडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.500 कि0मी0) | 6,60,15,500.00 | छः करोड़ साठ लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 21.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 06.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 15.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के पक्ष में एवं गढ़वा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 289832 Rural Work Department (22-23)_D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **280/2022-23/RWD/HAZARIBAGH**          दिनांक :- **09.02.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ HAZARIBAGH /22/SRPKG-01 /2022-23 | (i) आर0ई0ओ0 रोड सलैया से पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड महुआटांड़ बरकट्ठा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0) | 10,44,44,900.00 | दस करोड़ चौवालीस लाख चौवालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| | | (ii) विष्णुगढ़ महंत अखाडा से करौंज मोड भाया पारटांड होते हुए जमुआ तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.000 कि0मी0) | | | |
| | | (iii) नवादा से कुसुम्भा तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.300 कि0मी0) | | | |
| | | (iv) पी0डब्ल्यू0डी0 रोड बरवाँ से तुईयो भाया मासीपीढ़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.520 कि0मी0) | | | |
| | | (v) आर0ई0ओ0 रोड जमुआ से बुचई बरकट्ठा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.065 कि0मी0) | | | |
| | | (vi) टाटीझरिया कोनार पुल बेडम से गरमरा भाया मुरकी तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.000 कि0मी0) | | | |
| 2. | RWD/ HAZARIBAGH /23/SRPKG-02 /2022-23 | (i) गदोखर तोरण द्वार से पगार चौक तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.500 कि0मी0) | 13,41,51,300.00 | तेरह करोड़ इकतालीस लाख एकावन हजार तीन सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| | | (ii) पेलावल से पबरा तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.837 कि0मी0) | | | |
| | | (iii) ढोठवा से आराभुसाई तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 10.500 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **21.02.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **06.03.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **14.03.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **15.03.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 289831 Rural Work Department(22-23)#D

### बीएड कालेज में नये विद्यार्थियों के स्वागत में वनभोज

## छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम कर एक दूसरे को बधाई दी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नए सत्र की शुरूआत पर प्रशिक्षु शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। इसी उपलक्ष में शुक्रवार को स्वागत सह वनभोज समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम कर एक दूसरे को बधाई दी और खुशियां बांटी। इस मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर एजे खलखो ने सभी प्रशिक्षु शिक्षकों को शिक्षण का गुड़ बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रशिक्षु शिक्षक कल के भावी राष्ट्र निर्माता है। आप सभी इस महाविद्यालय में एक परिवार की तरह है। यहां के प्राध्यापकों के द्वारा आपको जो शिक्षा दी जायेगी आप उसे अपने जीवन में उतारकर चरितार्थ करेंगे। वही महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ दिलीप प्रसाद ने छात्रों को बधाई देते हुए पढ़ाई करने का मूल मंत्र दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से आप अध्ययन करें ताकि आपका भविष्य उज्जवल हो सके, उन्होंने अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि अगर आपको अच्छा शिक्षक बनना है तो आपको जीवन प्रयत्न छात्र बने रहना पड़ेगा। वहीं विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश प्रसाद ने बच्चों को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि आपके पठन-पाठन में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं आने देंगे। वही बीएड संकाय के समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार ने प्रशिक्षु शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया और बीएड के कुछ नियम एवं कायदे को उन्होंने नये सत्र के प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष रखा और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग करें। किसी से कुछ लेना हो तो झूक कर ले। इस कार्यक्रम के मौके पर झारखंड प्रदेश के बीएड महाविद्यालय शिक्षक संघ के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ दीपक प्रसाद मौजूद रहे उन्होंने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनको प्रेरित किया। मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर ए जे खलखो, डॉ दिलीप प्रसाद, प्रो सतीश कुमार गुप्ता, प्रो संजय कुमार, प्रो अमिताभ भारती, डॉ राकेश प्रसाद, डॉ दीपक प्रसाद, प्रो नृपेंद्र कुमार सेठ, प्रो पूनम भगत, प्रो मंती कुमारी, प्रो नीलम प्रतिमा मींज, प्रो सिलास डहंगा, प्रो राजेश रंजन, डॉ रंजीत कुमार, प्रो अनुतलन मींज, प्रो शिल्पी, प्रो सुतापा घोष, डॉ मनोज कुमार साहू, संजय बड़ाइक, शांता लकड़ा, कुंती देवी मौजूद थी।

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्या का किया गया निदान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की लगातार शिकायत मिलने पर विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में विद्युत विभाग के अभियंताओं ने शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह मौजूद थे। शिविर में पहुंचे सैकड़ों उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। अन्य से आवेदन प्राप्त कर उनके निदान की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का समाधान छतरपुर या मेदिनीनगर से होना है,उसमे थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि समय समय पर शिविर लगा कर उपभोक्ताओं की समस्या का निदान किया जायेगा।

## पथरा गांव के ग्रामीणों ने डीलर पर राशन न देने का लगाया आरोप



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जन वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाला अनाज लाभुकों तक सुलभ रूप से नहीं पहुंच रहा है। अनाज वितरण में धांधली हो रही है तभी तो लाभुक अक्सर शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। लाभुक द्वारा राशन नहीं मिलने की शिकायत अक्सर वरीय पदाधिकारी के पास करते हैं। इसी तरह की शिकायत हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के पथरा गांव से आया है। गांव के दर्जनों लाभुकों ने इसकी शिकायत बीडीओ सह प्रभारी एमओ से की है। बताया कि जनवरी 2023 का राशन नही दिया जा रहा है । ग्रामीण बिजय पासवान,रामबचन राम,रामजी राम,रामराज राम,प्रवेश राम,लालती देवी,शकुन्ती देवी,चिंता देवी ,लालमणि देवी,शकुन्ती देवी,लालो देवी साहित दर्जनों अन्य लाभुकों ने प्रभारी एमओ को पत्र देकर बताया है कि पीडीएस दुकानदार बिंदु देवी स्वयं सहायता समूह व अर्जुन मेहता द्वारा उन्हें अब तक जनवरी माह का राशन नहीं दिया गया है और फरवरी माह का वितरण करने की बात कही जा रही है। लाभुकों ने पंचायत के मुखिया नरेश पासवान से भी मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## पाप के विरुद्ध संग्राम के संकल्प के साथ 12 को नीलकंठ दिवस



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आनंदमार्ग के सदस्य 12 फरवरी को नीलकंठ दिवस मनाएंगे। नई मुहोल्ला व अवादगंज स्थित जागृति में 3 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन होगा। नारायण सेवा, जरूरतमंदों को वस्त्र और कैम्प लगाया जाएगा। पलामू यूनिट के भुक्ति प्रधान मधेश्वर देव ने कहा की आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को बिहार के पटना बांकीपुर केन्द्रीय कारागार में 12 फरवरी 1973 को दवा के नाम पर विष का दिया गया था। अपने ही अनुयायियों की हत्या करवाने के झूठे आरोप में इंदिरा सरकार की तानाशाही व्यवस्था ने आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को गिरफ्तार कर बांकीपुर जेल भेज दिया गया। एक सेल में बंद अस्वस्थ वातावरण में बहुत दिनों तक रहने से बीमार पड़ना स्वाभाविक था। जेल के अंदर बाबा बीमार पर गए उस समय जेल के चिकित्सक डॉ एच . के . घोष थे। जान बूझकर सरकार ने डॉ घोष को बदलकर एक दूसरे चिकित्सक डॉ रहमतुल्ला खान को ले आया। श्री श्री आनंदमूर्ति जी ₹बाबा ₹उस समय काफी बीमार चल रहे थे। 12 फरवरी को काफी बीमार पड़ गए 11 बजे रात को डॉ रहमतुल्ला खान ने बाबा को दवा के नाम पर विष का कैप्सूल दिया। फिर क्या था बाबा बेहोश हो गए, उनके शरीर सिकुड़ने लगे, आँखों की रौशनी चली गयी, शरीर दुर्बल हो गया, मस्तिष्क में असहनीय पीड़ा एवं निष्क्रियता का बोध होने लगा। बाबा की किसी तरह जान बच गई। इसी उपलक्ष्य में संस्था के लोग पाप के विरुद्ध संग्राम के साथ इस तिथि को हर साल नीलकंठ दिवस के रूप मनाते हैं।

## मनोहर गंझू के घर पर मनातू पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मनातू थाना पुलिस ने शुक्रवार को मनातू थाना कांड संख्या 45/17 के प्राथमिकी अभियुक्त मनोहर गंझू उर्फ मनोहर जी उर्फ दिनेश गंझू पिता स्व. बृहस्पति गंझू ग्राम तेमराबासर बसिया थाना बालूमाथ जिला लातेहार के घर पर विधिवत इश्तहार चस्पा किया है। मनातू थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र मिश्र के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ इश्तहार का तामीला किया गया। साथ ही फरार अभियुक्त के परिजनों को जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की सख्त हिदायत दी गई है। मौके पर बालूमाथ पुलिस के पदाधिकारी भी मौजूद थे। बता दे कि मनोहर गंझू माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य है। इसके विरूद्ध बिहार व झारखंड के कई थाना क्षेत्र में 17 सीएलएक्ट सहित कई मामले दर्ज है। यह पिछले कई वर्षो से फरार चल रहा है। इधर पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फरार उग्रवादियों को शीघ्र समर्पण करने को कहा है। बताया कि समर्पण नहीं करने पर न्यायालय से कुर्की वारंट प्राप्त कर उनके घरों को कुर्की जब्ती की जाएगी।

## सर्वेश्वरी समूह की गुरी शाखा में जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी स्थित सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह परिसर में शुक्रवार को जरूरतमंद,दिब्यांग व असहाय लोगों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री सर्वेश्वरी समुह अध्यक्ष परम पूज्य गुरु पद संभव राम बाबा जी का प्रथम पदार्पण के वर्षगांठ पर किया गया था। इस अवसर पर विशेष पुजा अर्चना,आरती व सफल योनि का पाठ किया गया। इसके अलावा गोष्ठी का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के अंत में आयोजित भंडारा में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान छः घंटे का विशेष अखंड कीर्तन भी हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जयराम मिश्रा ने कहा कि आज हमारे समाज के युवा भटकाव की ओर हैं,उन्हें सही मार्ग दिखाने की जरूरत है। परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी ने श्री सर्वेश्वरी समुह की स्थापना भटके लोगों को सही राह दिखाने के लिए ही किया था। समूह असहाय व उपेक्षित लोगों की सेवा करता है। समूह हमेशा प्राणी मात्र के कल्याणार्थ के लिए कार्य करता रहता है। मौके पर राधेश्याम मिश्रा,बिनोद पाण्डेय, श्रीकांत मिश्रा,हलकानी राम,चन्द्रदेव साव,साहेब राम, सत्येंद्र कुमार मिश्रा,राम लखन पाण्डेय, जवाहीर साव,सनोज कुमार, अकाश कुमार,श्रेया कुमारी,अशं राज सहित कई लोग मौजूद थे।

## संत जोसेफ कन्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव कल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव आगामी 12 फरवरी रविवार को मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी जोरों पर है। इसकी जानकारी स्कूल के निदेशक एनके तिवारी ने दिया। उन्होंने बताया कि बतौर मुख्य अतिथि पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक अनिल चौधरी,सदर एसडीओ राजेश कुमार,विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार,ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एचआर हेड अजीत तिवारी सहित कई नामी हस्ती और प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल होंगे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावा कई तरह की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आज और कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी 2023 को किया जायेगा। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी।समाहरणालय के सभागार में



आयोजित इस बैठक में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग,सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, डीटीओ अनवर हुसैन,सदर सीओ झुन्नू मिश्रा, डीएसओ प्रीति किस्कू, जिला कल्याण पदाधिकारी,जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक,राजा मेदिनी राय स्मृति न्यास सह मेला समिति के अध्यक्ष व सचिव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।बैठक में मेला के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल लगाने,परिसंपत्तियों का वितरण करने,विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। डीसी श्री दोड्डे ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को मेदिनीराय की याद में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लगने वाले मेले को बेहतर तरीके से सफल बनाने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा यातायात व्यवस्था व पर्याप्त सुरक्षाबल व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी सदर एसडीओ को निर्देशित किया।

## 27 पशु सखियों को मिला एक दिवसीय टीकाकरण का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखण्ड कार्यालय में शुक्रवार को जेएसएलपिएस के पशु सखियों के बीच राष्ट्रीय पशु टीकाकरण कार्यक्रम एफएमडी को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान प्रखण्ड के 27 पशु सखियों ने भाग ली। प्रखण्ड चिकित्सक पदाधिकारी डॉ दीनबंधु गुप्ता के द्वारा आईएनएपीएच पोर्टल के माध्यम से पशुओं को कैसे पंजीकरण करने, चार माह से ऊपर के पशुओं को टिका लगाने तथा पशुओं को टैग करने की विधी बताया गया। साथ ही प्रति पशु पांच रुपये पच्चास पैसे पशु सखियों को उनके फायदे के बारे में भी जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के उपरांत सभी पशु सखियों को रक्षा ओवैक की वैक्सीन उनका पोषक ग्राम आवंटित किया गया। साथ ही वैक्सीन कैरियर बॉक्स तथा टैग भी दिया गया। इस दौरान बीडीओ जयप्रकाश नारायण,जे एस एल पी एस के प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार, सीसी राकेश कुमार, बलवंत कुमार, ममता कुमारी के अलावे आई पी आर पी उपस्थित थे।



### वैक्सिनेटर सह कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता तीन माह से हड़ताल पर

उधर वैक्सीनेटर सह कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्त्ता के प्रखण्ड अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि झारखण्ड में बिगत तीन माह से वैक्सीनेटर सह कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्त्ता हड़ताल पर हैं। इनके विरोध में विभाग ने जेएसएलपिएस के पशु सखियों को माध्यम बनाकर वैक्सिनेशन कराने की रणनीति बना रही है। जबकि विभाग के द्वारा हमलोगों से प्रति पशु 26 रुपये कह कर वैक्सिनेशन करने के लिए कहा गया था। जबकि हमलोगों ने कार्य भी किया पर अब तक वैक्सिनेशन की राशि नहीं मिला।हमलोगों के साथ विभाग दोखा कर रही है। वैक्सीनेटर सह कृत्रिम गभार्धान कार्यकत्ताओं ने न्यूनतम मजदूरी, बीमा, 60 वर्ष का नियमित रूप से सेवा प्रदान करने तथा वरीयता के आधार पर नियुक्ति कराने की मुख्य मांगो को लेकर विगत 3 माह से हड़ताल पर हैं।

## विकास कार्य के लिए जनसमुदाय को प्रेरित करना बीस सूत्री कमिटी का उद्देश्य : योगेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कमिटी के सदस्यों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में क्षेत्र के लोगों के साथ जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कमिटी के सभी सदस्य क्षेत्र में चल रहे बिकास योजनाओं से आमलोगों को लाभ पहुचाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर शीघ्र ही प्रखंड के सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पिछड़े और निर्धन व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाना, केंद्र और राज्य सरकार के साथ जिला और प्रखंडों के बीच समन्वय बनाना। निगरानी एवं अनुश्रवण करना तथा विकासोन्मुख कार्य के लिए जन समुदाय को प्रेरित करना ही बीस सूत्री कमेटी का मुख्य



उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि पदाधिकारी व कर्मी भी जनता के सेवक हैं।प्राथमिकता के साथ जनसमस्याओं का त्वरित निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कमिटी गरीबी उन्मूलन, जनशक्ति, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा सबके लिए आवास, शुद्ध पेयजल, जन-जन का स्वास्थ्य, सबके लिए शिक्षा, अजजा, अजा, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, बाल कल्याण, युवा विकास, गांव सुधार, पर्यावरण संरक्षण व वन विकास, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण उर्जा, पिछड़ा क्षेत्र विकास और ई शासन सभी बीस सूत्री कार्यक्रम पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमलोगों से अपील की है कि सरकार द्वारा संचालित बिकास योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने में अपना सहयोग दें,जिससे सभी जरूरतमंद लोगों को बिकास योजनाओं का लाभ मिल सके। मौके पर बीस सूत्री सदस्य हंसराज सिंह,बिनय पासवान,रतन लाल व ग्रामीण बिजय राजवंशी,हरिचरण मेहता,बिनोद साह समेत कई लोग मौजूद थे।

## परशुराम सेना युवा वाहिनी ने मंदिर का गुंबज निर्माण कार्य प्रारंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर कश्यप मुहल्ला स्थित सिद्धपीठ मनोकामना हनुमान मंदिर का गुंबद निर्माण शुक्रवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ।गुंबद निर्माण की शुभ अवसर पर युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,बिजू बाबा, अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी( पिंकू), पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय संरक्षक अरविंद पांडेय,राकेश पांडेय, रवि ओझा, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी व प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय ने विधिवत रुप से पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर निर्माण की



प्रक्रिया की शुरूआत की। मालूम हो की गत एक सप्ताह पूर्व युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय( गुरु पांडेय )के द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के नेतृत्व में उक्त मंदिर के गुंबद निर्माण की घोषणा की गई थी। शुभारंभ के मौके पर युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने कहा कि युवा वाहिनी परिवार धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और धर्म के कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रही है। श्री तिवारी ने कहा कि अभी तक धर्मप्रेमी अर्जुन पांडेय के द्वारा कई गुंबद निर्माण कराया गया है।गुंबद निर्माण के शुभारंभ मौके पर अजय पांडेय, सुमीत पांडेय,अनुप चंद्रवंशी, सहित कई धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

### झारखण्ड सरकार
### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं यूवा कार्य विभाग

पत्रांक–157 / 2023. दिनांक–09.02.2023

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड निवासियों को सूचित किया जाता है, कि पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा **"मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनान्तर्गत"** राज्य के 60 वर्श से अधिक आयु के पिछड़े (बी०पी०एल०) श्रेणी के वरिश्ठ नागरिकों को धार्मिक तीर्थ स्थलों के दर्शन कराने हेतु हिन्दु धर्मावलम्बियों के लिये धार्मिक तीर्थ स्थलों के दर्शन कराने हेतु द्वारिका एवं सोमनाथ विशेष ट्रेन द्वारा IRCTC के माध्यम से फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में प्रारम्भ किया जाना है।

अतएव हिन्दु धर्मावलम्बियों के तीर्थ दर्शन यात्रा की सुविधा प्राप्त करने हेतु इच्छुक नागरिक निर्धारित पात्रता के संबंध में अविलम्ब अपने जिला के उपायुक्त कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं उपायुक्त कार्यालय में यात्रा आवेदन जमा कर सकते हैं।

**हिन्दु धर्मावलम्बियों के लिये आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 16.02.2023 है।**

ह०/–
निदेशक
पर्यटन निदेशालय,झारखण्ड, राँची

PR 289852 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)22-23*D

### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **282/2022-23/RWD/JAMSHEDPUR** दिनांक :- **09.02.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/JAMSHEDPUR/ 30/2022-23 | बांगो से चेमाईजूरी भाया रोलडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.300 किमी0) | 3,23,81,800.00 | तीन करोड़ तेईस लाख एकासी हजार आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 21.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 06.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, जमशेदपुर में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 14.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 15.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर के पक्ष में एवं जमशेदपुर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 289829 Rural Work Department (22-23)_D

### ई-प्रोक्योरमेंट सेल
### अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

**ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/GIRIDIH/21/2022-23 दिनांकः– 08.02.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Outdoor Football Stadium at Keshawari Block Suriya, Dist.-Giridih |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.67,58,400/- (Sixty Seven Lac Fifty Eight Thousand Four Hundred Seventy Five) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (Six) Month |
| 4. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 21.02.2023 12.30 अपराह्न तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.02.2023 |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 289926 Building(22-23).D

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
### (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**
**कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में कंबल, दरी, बेडसीट, ओढ़ने का चादर, तकिया कभर सहित आदि आपूर्ति संबंधी निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं के लिए कंबल, दरी, बेडसीट, ओढ़ने का चादर, मच्छरदानी एवं तकिया कभर सहित आदि आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाता से मुहरबंद निविदा दिनांक **20.02.2023** को 11.30 बजे पूर्वाह्न तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक **20.02.2023** को अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, खूँटी के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | दरी (6'6" x 4') (उत्तम गुणवत्ता वाला) |
| 2 | मिंक कम्बल (7' x 4'6") (वजन न्यूनतम 2 कि. 400 ग्राम का) |
| 3 | मच्छरदानी (6'6" x 4') (नायलॉन नेट उत्तम गुणवत्ता वाला) |
| 4 | बेडसीट (7' x 4'6") (सूती उत्तम गुणवत्ता वाला) |
| 5 | ओढ़ने का चादर (7' x 4'6") (सूती उत्तम गुणवत्ता वाला) |
| 6 | तकिया, कभर सहित (24" x 16") (सफेद रूई, वजन न्यूनतम 1 कि.ग्रा. एवं तकिया कभर बेडसीट के कलर का) |

**नोटः–निविदा की शर्तें खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0,खूँटी

PR289944 (Welfare)22-23*D

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)
कार्यालय –जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची,

**महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों के लिए यंत्र वितरण हेतु निर्माताओं / आपूर्तिकर्त्ताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं को कृषि यंत्रों के प्रादर्श हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं–41,दिनांक–11.11.2022 के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रूपये 5.00 लाख पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावरटीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण का प्रस्ताव है।

साथ ही व्यक्तिगत कृषकों के लिए अधिकतम योजना का लागत रूपये 2.00 लाख का 80 प्रतिशत अर्थात अधिकतम अनुदान रूपये 1.60 लाख देय होगा। इससे अधिक राशि होने पर कृषक अपना अंशदान देकर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है।

विभागीय योजनान्तर्गत वितरित किये जाने वाले सभी प्रकार के **मिनी ट्रैक्टर, पावरटीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का तकनीकी विशिष्टताओं तथा Expression of Interest (EOI)** का निर्धारण निदेशक, भूमि संरक्षण, झारखण्ड, राँची के **कार्यालय आदेश सं0–595 / राँची, दिनांक–15.09.2022** द्वारा किया जा चूका है।

**अतः सभी निर्माताओं / आपूर्तिकर्त्ताओं एवं उनके अधिकृत विक्रेताओं से अनुरोध है कि दिनांक 11.02.2023 को 10:00 पूर्वाहन से अपने मिनी ट्रैक्टर, पावरटीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का प्रर्दशन दर के साथ जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची के कार्यालय परिसर में करें, ताकि महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल / कृषक समूहों एवं व्यक्तिगत कृषक अपनी पसंद एवं आवश्यकता के अनुरूप उक्त योजना के तहत् छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कृषि यंत्रों का चयन कर सके।**

**प्रदर्शन का स्थल :–**
**कार्यालय का पता–जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची**
ई0टी0सी0 परिसर, हेहल, राँची–834005

**जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची।**

PR 289675 (Agriculture) 22-23 (D)

## नाराज मजदूरों ने घंटों ठप किया कोयला डिस्पैच, पहुंची पुलिस और सीआइएसएफ

# विश्वकर्मा परियोजना पर चोरों का कब्जा

# विरोध करने पर असंगठित मजदूरों को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बीसीसीएल के धनसार विश्वकर्मा परियोजना के लोडिंग पॉइंट पर चोरों का एकक्षत्र राज चल रहा है। कोयला चोरी का विरोध करने पर शुक्रवार को कोयला चोरों के दल ने दो असंगठित मजदूरों की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में अरमान हेंब्रम और पूजा देवी को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना पाकर परियोजना के सैकड़ों मजदूर गोलबंद हो गए और घटना का विरोध करते हुए करीब दो घंटे तक लोडिंग पॉइंट से कोयला का डिस्पैच ठप करा दिया। इसकी सूचना पाकर झरिया पुलिस व सीआइएसएफ के जवान परियोजना पहुंच गए और आक्रोशित असंगठित मजदूरों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान असंगठित मजदूरों ने कोयला चोरों से कोई सुरक्षा नहीं होने का आरोप लगाकर सीआइएसएफ जवानों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उनका कहना था कि कोयला चोरों का दल परियोजना लोडिंग पॉइंट पहुंच जाते हैं। ट्रक लोडिंग के लिए छांट कर रखे स्टीम कोयले को जबरदस्ती उठाकर चले जाते हैं। जब असंगठित मजदूर विरोध करते हैं तो बड़ी संख्या में कोयला चोर जमा होकर परियोजना लोडिंग पॉइंट पहुंचकर गाली गलौज और मारपीट करते हैं।






चोरों की पिटाई के बाद लोडिंग डिस्पैच ठप कराकर प्रदर्शन करते असंगठित मजदूर। चोट का निशान दिखाता किशोर। प्रदर्शन करते असंगठित मजदूर।

### झामुमो नेता ने प्रबंधन को चेताया

इस दिन 49 नंबर दंगल के असंगठित मजदूर ट्रक लोडिंग कर रहे थे। तभी कुछ स्थानीय कोयला चोर लोडिंग पॉइंट पहुंच गए और असंगठित मजदूरों का छटा हुआ स्टीम कोयला चोरी करने लगे। इसका विरोध करते हुए असंगठित मजदूरों ने सीआइएसएफ जवान को सूचित किया। जवान ने घटना की सूचना सीआइएसएफ पेट्रोलिंग पार्टी को दी। पेट्रोलिंग पार्टी पहुंचते ही कोयला चोर लोडिंग पॉइंट से असंगठित मजदूरों को धमकी देते हुए वापस चले गए। पर सीआइएसएफ पेट्रोलिंग पाटि के जाने के बाद दोबारा कोयला चोर समूह बनाकर लोडिंग पॉइंट पहुंचे और असंगठित मजदूरों की पिटाई शुरू कर दी। इसे लेकर झआमुमो नेता देबू महतो व किशोर मुर्मू ने असंगठित मजदूरों से मिलकर पूरी जानकारी लिया। उन्होंने असंगठित मजदूरों को सुरक्षा नहीं देने पर कड़ी प्रतिक्रिया देने की चेतावनी बीसीसीएल प्रबंधन को दी है। बतातें चलें कि कोयला चोरी रोकने में सीआइएसफ के साथ स्थानीय पुलिस भी नाकाम साबित हो रही है। विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट से महज 200 मीटर पर धनसार थाना है, लेकिन क्षेत्र विवाद और मनभेद के कारण पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची। झरिया पुलिस जब तक पहुंचती है तब तक कोयला चोर जा चुके होते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### वृद्ध महिला की मौत पर बेटियों ने बरमुरी ओसीपी में किया हंगामा, शव रख की मुआवजा देने की मांग




चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। मेढ़ा निवासी शोभा मंडल की सामान्य मौत पर शुक्रवार की सुबह 10 बजे उनकी तीनों बेटियों ने बड़मुरी ओसीपी पहुंचकर शव को प्रबंधक कार्यालय के समक्ष रख मुआवजा के रूप में नौकरी एवं पेंशन देने की मांग करते हुए ओसीपी का उत्पादन एवं परिचालन ठप कर दिया। उदर, परिजनों द्वारा शव रखते ही प्रबंधक कार्यालय के सभी अधिकारी कार्यालय छोड़ भाग खड़े हुए। किसी को कुछ समझ ही नहीं आया कि आखिर यह लोग शव लेकर ओसीपी क्यों चले आए। बाद में सूचना पाकर बडमुरी ओसीपी और बीसीकेयू नेता रामजी यादव पहुंचे और मृतक के परिजनों से बात की। उन्हें समझाया गया कि अभी तक ओसीपी द्वारा आपके जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया है। जिस कारण मुआवजा व अन्य तरह के सुविधा कंपनी नहीं दे पायेगी। फिलहाल मानवीय आधार पर कंपनी कुछ मदद कर देगी। एक पुत्री ललिता मंडल को किसी संवेदक के अधीन नौकरी मुहैया करवा देगी। काफी समझाने पर वे लोग तैयार हुए और प्रबंधक कार्यालय के समक्ष रखें शव को हटाया। सूचना पर मैथन थाने की पुलिस भी पहुंच गई थी। इस दौरान लगभग दो घंटे तक ओसीपी का परिचालन एवं उत्पादन ठप रहा।

### वेदांता इएसएल को मैन्युफैक्क्रिंग इंडस्ट्री में भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में किया गया शामिल



बोकारो (आजाद सिपाही)। वेदांता समूह की कंपनी और प्रमुख राष्ट्रीय स्टील उत्पादक, ईएसएल स्टील लिमिटेड को 'मैन्युफैक्क्रिंग में भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल 2023' में मान्यता मिली। यह पुरस्कार वेदांता ईएसएल के लोगों द्वारा बनाए गए वर्क कल्चर का प्रतिनिधित्व करता है जो नैतिकता और जिम्मेदारियों की भावना पर आधारित है। 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' कंपनियों में उच्च-विश्वास, उच्च-प्रदर्शन को पहचानने और बनाए रखने वाली एक प्रमुख संगठन है। यह एक वैश्विक संगठन है जो ट्रस्ट इंडेक्स, जिसमें कर्मचारियों का ओपिनियन पोल और कल्चर ऑडिट, जो एक संगठन के लोगों की प्रथाओं का अध्ययन है, शामिल है। कर्मचारी अनुभव को मापने के अपने डेटा-आधारित मॉडल के माध्यम से 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' संगठन के मूल्यों, प्रभावशीलता, विश्वास, मानव क्षमता, वित्तीय विकास और इनोवेशन को सन्दर्भ में रखता है। इस प्रतिष्ठित प्रमाणन ने वेदांता ईएसएल को मैन्युफैक्क्रिंग उद्योग में एक अनूठा नाम दिया गया है। कर्मचारी समर्पण और प्रतिबद्धता, और सकारात्मक कार्यस्थल गतिविधियों के साथ वेदांता ईएसएल ने अपने कर्मचारियों को प्राथमिकता देते हुए एक उदहारण स्थापित किया है।

### योजनाओं के चयन को लेकर बगदा पंचायत सचिवालय में हुई ग्राम सभा



बोकारो (आजाद सिपाही)। बगदा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत योजनाओं के चयन को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया गीता देवी ने की। जिसमें तालाब घाट, सड़क, नाली और गार्डवाल निर्माण, पेयजल, स्वच्छता, सिंचाई कूप निर्माण, आजिविका के साधन, बकरी शेड, गाय शेड आदि से संबंधित योजनाओं का ग्रामीणों द्वारा प्रस्ताव लिया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य मौ भट्टाचार्य एवं मुखिया गीता देवी ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से बगदा पंचायत के सभी 11 वार्ड में विकास योजनाओं का चयन किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं के सही क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के लिए पंचायत की ओर से टीम भी बनाई गई है, ताकि कार्य की गुणवत्ता सही हो। मौके पर पंचायत सेवक कालीपद शर्मा, रोजगार सेवक दशरथ बेदिया, उपमुखिया वीरेंद्र करमाली, वार्ड समीर भट्टाचार्य, मंगल दास, चमेली देवी, द्रोपदी देवी आदि मौजूद थे।

# मेडिकल/इंजीनियरिंग की तैयारी को फाइनल टच दिला रहा गोल

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजीनियरिंग कि तैयारी के लिए भरोसेमंद व विश्वसनीय संस्थान गोल में आयोजित सेमिनार में प्रस्तुति देते हुए उक्त संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने प्रतियोगिता से जुड़ी ऐसी बहुत सारी तकनीकी बारीकियों को बताया जिसे सुनने एवं समझने के बाद प्रतियोगियों में आत्मविश्वास के साथ जुनून एवं चेहरे पर आशा की चमक बिखर गई। उन्होंने बताया कि आपके कोर्स लगभग कंप्लीट हैं। अब समय है सही समय प्रबंधन के साथ उचित मार्गदर्शन में अपनी क्षमताओं और प्राथमिकताओं को समझते हुए स्मार्ट तरीके से तैयारी को फाइनल टच देने का। समय है पावर ऑफ नॉलेज को पावर ऑफ इंप्लीमेंटमें कन्वर्ट करने का। अपनी प्रतिभा पर भरोसा करते हुए ट्रिपल एक्षन में काम करें। अंतिम समय में प्रैक्टिस शेषन, डाउट शेषन एवं रीवीजन शेष नहीं आपको सफलता दिलाएगी। जब भी घबराहट, तनाव या दबाव हो तो नेगेटिव मार्किंग के साथ ही ऐसे बहुत सारे पहलू जहां जरूरत महसूस करे विशेषज्ञों से राय लें। उन्होंने गोल के क्लास टेस्ट, ऑल इंडिया टेस्ट, स्पॉट टेस्ट, डीपीपी जैसे बहुत सारे रिजल्ट एक्टिविटीज का पूरा फायदा कैसे उठाएं, विषयवार स्टडी कैसी हो, इस संदर्भ में वृहत एवं व्यवस्थित तरीके से बात की। धनबाद केंद्र निर्देशक संजय आनंद ने कहा कि जो बातें संस्थान की ओर से समय-समय पर बताई जाती हैं अगर छात्र इसे आत्मसात कर लें, तो कोई लक्ष्य बड़ा नहीं। उक्त 3 घंटे के सेमिनार में मेडिकल के बचे तीन महीने एवं जेईई मेंस के लगभग दो महीने को टारगेट करते हुए छात्रों को पूरी रूप-रेखा दी गई है, जो आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। बताया कि कोयलांचल में 20 वर्षों से गोल संस्थान के छात्र लगातार शानदार सफलता हासिल कर रहे हैं। इस बार और भी बड़ी उम्मीद है। अंतिम समय में अंतिम ताकत सही दिशा में हो। प्रतियोगी किसी भी हालात में हताश ना हों। अभिभावकों से गुजारिश है कि छात्रों से जरूर बात करें व उनके मनोबल को बढ़ाएं, ताकि सफलता सुनिश्चित की जा सके।

### जय राधे भट्ठा में छापामारी, 4 ट्रैक्टर सहित 80 टन कोयला जब्त

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा पुलिस की ओर से अवैध उत्खनन, कोयला भंडारण व प्रेषण के विरुद्ध अभियान जारी है। इसी क्रम में गुरुवार की रात चुरीनाला स्थित जिला परिषद सदस्य पिंकी मरांडी के जय राधे भट्ठा में छापामारी कर 80 टन कोयला सहित एक ट्रक व चार ट्रैक्टर जब्त किया। हालांकि किसी की गिरफ़्तारी की सूचना नहीं है। पुलिस नामजद प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। इस बाबत निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दिलीप यादव ने बताया कि भट्ठे में व्यापक पैमाने पर अवैध कोयला एकत्र किए जाने की लगातार मिल रही सूचना पर कार्रवाई की गई।

## बेरमो मध्य विद्यालय में बाल अधिकार सरंक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

# हर परिस्थिति में बच्चों की सुरक्षा अनिवार्यः डॉ प्रभाकर

कहा - ड्राप आउट बच्चों की पहचान जरूरी कहीं ये मानव दुव्यार्पार, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल उत्पीड़न के शिकार तो नहीं?

आजाद सिपाही संवाददाता



बच्चों को जानकारी देते मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ प्रभाकर कुमार।

**जरीडीह बाजार/बेरमो।** बेरमो मध्य विद्यालय जरीडीह बाजार में शुक्रवार को बाल अधिकार सरंक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता बाल अधिकार कार्यकर्ता सह मनोवैज्ञानिक डॉ प्रभाकर कुमार ने किया। उन्होंने बच्चों को कानूनी परिभाषा देते हुए उनके अधिकारों को उदाहरण के साथ पेश किया। सभी स्कूलों मे किशोर न्याय अधिनियम 2015, पोक्सो कानून 2012, पोक्सो नियम 2020, शिक्षा का अधिकार अधिनियम आदि बाल कानूनों की अद्यतन जानकारी होना अनिवार्य बताया, ताकि बच्चों को हर संभव सुरक्षित बनाया जा सके। सभी तरह के बाल शोषणों से बचाया जा सके। डॉ प्रभाकर ने गुड टच बैड टच, ड्राप आउट बच्चों की सुरक्षा, आत्मरक्षा के तरीके, बच्चों के सहायतार्थ टोल फ्री नंबर 1098, स्थानीय पुलिस की भूमिका बच्चों के सहायतार्थ आदि की जानकारी दी। कहा कि कोई बाल शोषण की जानकारी छिपाते हैं तो इसके लिये भी कानूनन दंड का प्रावधान है। हर परिस्थिति में बच्चों की सुरक्षा अनिवार्य है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शिक्षकगण ललन कुमार दास, कुमारी मंजू, देवंती देवी, तारामणि महतो, सुनीता कुमारी, शबनम कुमारी, सुनीता अंजना कश्यप, मेरी केरकेट्टा, बबिता रानी, अनिता कुमारी के अलावा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रदीप साव आदि मौजूद थे।


## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

**e-Procurement Tender Notice (SBD)**

**Tender Reference No. DWSD/CLTR/SVS/CTR/46/2022-23 (2nd Call)**

**Date : 10.02.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Detailed survey, designing and drawing, Construction of 13243 Nos. FHTC in different block of Chatra District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) & 05 Years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2022-23 under (JJM) | | | | | |
| | Group No. | No. of Panchayat | No. of FHTC | Estimated Cost (In Lac) | E.M Required (In Lac) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
| | HNT/SVS/CLTR/13(A) | 2 | 1923 | 857.39 | 8.57 | 10,000/- | 09 Months |
| | HNT/SVS/CLTR/16 | 2 | 1257 | 576.24 | 5.76 | 10,000/- | 09 Months |
| | HNT/SVS/CLTR/17 | 2 | 1637 | 691.30 | 6.91 | 10,000/- | 09 Months |
| | PTP/SVS/CLTR/20 | 2 | 1385 | 672.61 | 6.73 | 10,000/- | 09 Months |
| | PTP/SVS/CLTR/21 | 3 | 1593 | 685.65 | 6.86 | 10,000/- | 09 Months |
| | HNT/SVS/CLTR/32 | 3 | 1501 | 718.46 | 7.18 | 10,000/- | 09 Months |
| | KND/SVS/CLTR/38 | 2 | 1593 | 670.78 | 6.71 | 10,000/- | 09 Months |
| | LAW/SVS/CLTR/40 | 2 | 2354 | 873.92 | 8.74 | 10,000/- | 09 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 13.02.2023 at 05:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | 20.02.2023 upto 05:00 PM | | | | | |
| 4 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 21.02.2023 upto 03:00 PM In the Office of - 1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and 2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. 3. Regional Chief Engineer, D.W&S. Department Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 21.02.2023 at 05:00 PM | | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, D rinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | | |

· Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
· Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
· Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR.NO.289930 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## कार्यालय : जिला कृषि कार्यालय प्रांगण पलामू, मेदिनीनगर

email – atmapalamau@rediffmail.com Website – atmapalamau.org
Tel :- 06562223886, Mob :-9431195477

पत्रांक : दिनांक :

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिले के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत कृषि यांत्रिकरण के तहत वित्तीय वर्ष 2022–23 में अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण करने का लक्ष्य प्राप्त है। कृषि यंत्र के नाम के सामने दर्शाए गये अधिकतम अनुदान की राशि या कुल कीमत का 50 प्रतिशत राशि जो भी कम होगा वह लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतेय होगा या लाभुक के अनुरोध पर अनुदान की राशि अधिकृत विक्रेता को भुगतान किया जा सकता है।

**अनुदानित कृषि यंत्रों की विवरणी**

| क्र0 सं0 | कृषि यंत्र का नाम | प्रति युनिट अनुदान की राशि (रूपये में) | उपलब्ध कृषि यंत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पावर नेपसेक स्प्रेयर (S.C./S.T. Farmers) | 3100 या 50% जो कम हो | 36 |
| 2 | पावर नेपसेक स्प्रेयर (Other Farmers) | 2500 या 40% जो कम हो | 82 |
| 3 | सामान्य नेपसेक स्प्रेयर (S.C./S.T. Farmers) | 750 या 50% जो कम हो | 81 |
| 4 | सामान्य नेपसेक स्प्रेयर (Other Farmers) | 600 या 50% जो कम हो | 181 |
| 5 | रोटावेटर (S.C./S.T. Farmers) | 42000 या 50% जो कम हो | 6 |
| 6 | रोटावेटर (Other Farmers) | 34000 या 40% जो कम हो | 11 |
| 7 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (S.C./S.T. Farmers) | 100000 या 50% जो कम हो | 1 |
| 8 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Other Farmers) | 80000 या 40% जो कम हो | 2 |
| 9 | स्प्रींकलर सेट | 21901 प्रति हे0 | 6 |
| 10 | पम्पसेट | 10000 या 50% जो कम हो | 148 |
| 11 | एच0डी0पी0ई0 पाईप | 15000 या 50 रू0/मीटर जो कम हो (अधिकतम 600 मीटर) | 1726 mtr. |
| 12 | मोबाईल रेनगन | 28681 / हे0 | 1 |
| 14 | थ्रेसिंग फ्लोर | 57500 या 50% जो कम हो | 9 |

1. **विहित प्रपत्र** में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत चयनित जनप्रतिनिधि के द्वारा अनुसंशित आवेदन।
2. आवेदक का पासपोर्ट साईज का फोटो।
3. पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/किसान क्रेडिट कार्ड) की छायाप्रति।
4. धारित भूमि से संबंधित मान्य अद्यतन रसीद की छायाप्रति।
5. सम्बन्धित पंचायत के मुखीया द्वारा निर्गत वंशावली।
6. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
7. किसी भी यांत्रिकरण योजना के तहत लाभ नही लिया गया है, इस आशय का शपथ पत्र देना होगा।
8. अनुदान की राशि में आदेश उपरान्त संशोधित हो सकता है।

➢ इच्छुक कृषक अपने प्रखण्ड के बी0ए0ओ0/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/निबंधित आपूर्तिकर्ता से आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए अनिवार्य रूप से दिनांक 20.02.2023 तक वांछित कागजात के साथ अपने प्रखण्ड के बी0ए0ओ0/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/को समर्पित करेंगे।
➢ कृषकों द्वारा किसी भी यंत्र का क्रय राज्य सरकार द्वारा निबन्धित/अधिकृत विक्रेता को शत प्रतिशत राशि भुगतान करके ही किया जाएगा। लाभुक द्वारा अभिश्रव, फोटाग्राफ्स जमा करने तथा स्थल निरीक्षण उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
➢ इस योजना में यंत्रों का वितरण **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किया जाएगा।

नोट– आवेदन हेतु आवेदन का विहित प्रपत्र आत्मा, पलामू www.atmapalamau.org के बेबसाईट से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। विशेष जानकारी हेतु जिला कृषि कार्यालय, पलामू/ आत्मा, कार्यालय, पलामू में कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक
आत्मा, पलामू

PR 289900 Agriculture(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –30/2022–23**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय : 20.02.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.02.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.02.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No.- C/20, C/24 & B-18, B-19 behind Indra palace Hinoo and others High court pool quarters under DW&S Division, Ranchi East Ranchi. | 11.33972 | 22700.00 | 2500.00 | 15 days |
| 2. | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No. D/1 & D/3 behind Indra palace and others High court pool quarters under DW&S Division , Ranchi East Ranchi. | 14.99175 | 30000.00 | 2500.00 | 15 days |
| 3. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at male Police Training Barrack IRB-01 Jamtara, Jharkhand Ranchi (1st Floor) under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 18.24195 | 36500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 4. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewerage work at Qtr No LIG-393/94, 395/96 and others High Court Pool under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 12.62208 | 25300.00 | 2500.00 | 15 days |
| 5. | Supplying all materials and labours for Cleaning 25000 gallon each capacity E.S.R. Sump and replacement of C.P. bathroom fittings at 56set campus and Govt. pool quarter under D.W.&S Division Ranchi East ,Ranchi. | 7.08099 | 14200.00 | 1250.00 | 05 days |
| 6. | Repairing of different size of sluice valve and leakage repair of CI/DI pipe at 124set , 56set Nepal house , Hinoo Mecon road and other Govt. building under D.W.&S Division,Ranchi East Ranchi. | 10.23757 | 20500.00 | 2500.00 | 15 days |
| 7. | Construction of Septic Tank ,Soak pit,Its aleid Works for (3Nos).Female Police Training Barrack at I.R.B.-01 Jamtara Under D W & S. Division Ranchi East Ranchi. | 16.53910 | 33100.00 | 2500.00 | 20 Days |
| 8. | Repairing of damaged sewer line water supply pipe and replacement of old and damaged sanitary fittings at MLA Flat, Jharkhand Vidhan Sabha Pool Quarters under D.W.&S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 10.45586 | 21000.00 | 2500.00 | 15 days |
| 9. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toilet and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Jharkhand Police Acadamy Hazaribag Near Mess no-4,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi.(Part-2B) | 19.49495 | 39000.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 10. | Renovation of toilet and bathroom, improvement of W/S, S/I & sewerage work at E-347 (Residential Office cum Guest House and Guard room) of Sector-II and others H.E.C. campus under Jharkhand Vidhan Sabha, Dhurwa, Ranchi. | 6.41549 | 12900.00 | 1250.00 | 20 days |
| 11. | Improvement of W/S by Construction of Independent Source 125mmx115mmx120.00m deep with Installation of 1.0HPSubmersible Motor Pump set its allied works at Qtr. No E-101/II and others HEC Colony Under D.W.&S Division Ranchi East Ranchi | 5.58870 | 11200.00 | 1250.00 | 10 days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची।

PR 289916 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

# वेदांता एल्युमिनियम ने लॉन्च किया 12 मिमी एल्युमिनियम वायर रॉड

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वेदांता एल्युमिनियम भारत में एल्युमीनियम का सबसे बड़ा उत्पादक ने अंतरराष्ट्रीय एल्युमीनियम सम्मेलन (आइएसी) 2023 में विद्युत उद्योग के लिए 12 मिमी एल्यूमीनियम वायर रॉड लॉन्च किया। 560 किलो टन की उत्पादन क्षमता के साथ, अत्याधुनिक से लैस और इटली की प्रौद्योगिकियां, वेदांता एल्युमिनियम उच्च गुणवत्ता वाले विद्युत कंडक्टर ग्रेड वायर रॉड का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो विद्युत उद्योग में महत्वपूर्ण प्रयोगों है, जैसे कि तार के रूप में और ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के लिए केबल, कॉइल और वाइंडिंग, हीटिंग और कूलिंग ट्यूब, और बहुत कुछ बना जा सक्ता है।

वेदांता की 12 मिमी वायर रॉड्स का निर्माण कंपनी के झारसुगुड़ा (ओड़िशा) और बाल्को (छत्तीसगढ़) के एल्युमिनियम स्मेल्टर में अत्याधुनिक प्रपर्जी कंटीन्यूअस कास्टिंग तकनीक का उपयोग करके किया जाता है। वायर रॉड सेगमेंट में वेदांता की टॉप-ऑफ-द-लाइन पेशकशों में 12 मिमी वायर रॉड नवीनतम जोड़ हैं, इसमें 7.6 मिमी, 9.5 मिमी और 15 मिमी इसी-ग्रेड वायर रॉड, आलये वायर रॉड और फ्लिप कॉइल शामिल हैं। इसकी मिलों में निर्मित उच्च-परिशुद्धता स्वचालन के साथ, वेदांता एल्युमीनियम द्वारा निर्मित वायर रॉड बेहतर सतह फिनिश, कस्टमाइज्ड वाइंडिंग पैटर्न और ग्राहकों की आवश्यकताओं के आधार पर प्रस्तुत किया गया।

वेदांता लिमिटेड के एल्युमिनियम बिजनेस के सीइओ राहुल शर्मा ने इस उत्पाद को लॉन्च करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिकल उद्योग के लिए हमारी नवीनतम पेशकश के रूप में 12 मिमी वायर रॉड्स को लॉन्च करते हुए हमें खुशी हो रही है। विश्वसनीय और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच सामाजिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण होगी। किसी भी देश और उसके लोगों का आर्थिक विकास एल्युमीनियम विद्युत उद्योग के लिए उत्पादन से लेकर अंतिम-मील वितरण तक एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। वायर रॉड सेगमेंट में पेशकशों के मजबूत पोर्टफोलियो के साथ, वेदांता एल्युमीनियम लंबे समय से इलेक्ट्रिकल उद्योग के लिए पसंद का आपूर्तिकर्ता रहा है। हमारे ग्राहक हमारे सभी उत्पादों, हमारे उत्पादन और हमारे नवाचार के केंद्र में हैं और इसलिए, हम उन्हें उनकी व्यावसायिक आकांक्षाओं के विभिन्न चरणों में समर्थन देने के लिए 360-डिग्री समग्र समाधान के रूप में लाभों का एक बंडल प्रदान करते हैं। 12 मिमी वायर रॉड्स का लॉन्च इस बात का प्रमाण है कि हम ग्राहकों के साथ उनकी वर्तमान और उभरती जरूरतों के लिए अनुकूलित उत्पाद बनाने के लिए कैसे काम करते हैं।

### भाजपा मंडल मनसाडीह कार्यसमिति की बैठक

# मिशन 2024 में जुट जायें भाजपाई : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा मंडल मनसाडीह के कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को धनवार के कैलाढाब में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन छत्रधारी वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपाइयों को मिशन 2024 में जोर-शोर से जुट जाने की अपील की। जरूरतमंदों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं आपराधिक घटना से पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने में सहयोग करने को कहा गया।

बैठक में 2024 में होने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी लोगों ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र भाई मोदी व भाजपा के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान पूरे विश्व मे हो रहा है। देश के गरीब मजदूर, किसान एवं नौजवानों के लिए मोदी ने कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की है। उन योजनाओं की जानकारी आहरताधारियों तक पहुचने एवं लाभ दिलाने में भूमिका निभाने की जरूरत है। उन्होंने हर बूथ पर पन्ना प्रमुख और पन्ना समिति बनाने तथा डाटा एंट्री कर सदस्य बनाने पर विशेष जोर दिया। धनवार में चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए चोरों को चिन्हित कर सुसंगत धाराओ के तहत उस पर कार्यवाई करने की जरूरत बतायी।

बैठक में उदय सिंह, छत्रधारी वर्मा, उपेंद्र सिंह, लालजीत पासवान, भीखी पासवान, वीरेंद्र राम, महेश वर्मा, अशोक राय, बालेश्वर राय, संजय कुमार, शुकर महतो, बासुदेव यादव समेत कई पंचायत संयोजक, सह संयोजक, पंचायत अध्यक्ष एवं दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# शशि प्रताप सिंह के आवास पहुंचे अखिलेश यादव, हुआ भव्य स्वागत

### राष्ट्रीय समता पार्टी के संस्थापक हैं शशि

आजाद सिपाही संवाददाता



**वाराणसी।** सपा प्रमुख नेता, विरोधी दल नेता विधानसभा और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को राष्ट्रीय समता पार्टी के संस्थापक शशिप्रताप सिंह के आवास पर दिन के एक बजे पहुंचे। पहुंचने के बाद रासपा कार्यकर्ताओं की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। उन्हें बाबा भोलेनाथ की फोटो भेंट की गयी। शशिप्रताप सिंह के परिवार की तरफ से दोस्ती का मिशाल कृष्ण और अर्जुन का स्मृति चिह्न भेंट कर रासपा संस्थापक और सपा प्रमुख को जनमानस हित हेतु साथ में आगे बढ़ने का संकेत दिया। वहीं पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सर्व समाज समाजवादी पार्टी के साथ होने का संकेत देते हुए रासपा के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता प्रकाश जायसवाल के जन्मदिन पर अखिलेश यादव ने साथ में केक काटा।

संस्थापक शशिप्रताप सिंह ने कहा कि मित्रता के साथ-साथ राजनीतिक विचारधारा भी रासपा सपा की एक है, जिस विचारधारा को हम साथ मिल कर जन जन तक पहुंचायेंगे। लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ेंगे। नगर निगम में सपा मेयर प्रत्याशी को जीता कर परचम लहरायेंगे। जल्द ही संविधान बचाओ यात्रा का शुभारंभ भी किया जायेगा।

ओमप्रकाश राजभर की मांग गाजीपुर जिला का नाम बदलने के सवाल पर शशिप्रताप ने कहा कि सबसे पहले ओपी राजभर का नाम बदल कर झूठा राजभर रखना चाहिए। स्वागत करने वालों में शशि प्रताप सिंह संस्थापक, वंदना सिंह अध्यक्ष महिला मंच, प्रकाश जायसवाल राष्ट्रीय महासचिव प्रवक्ता, राजकुमार गुप्ता सलाहकार, राम वचन यादव प्रदेश अध्यक्ष, कैप्टन राजकुमार अध्यक्ष, रेखा सिंह, दीपा सिंह, सुमन सिंह, जय नाथ यादव, राम प्रकाश यादव, गुलाब राजभर, जितेंद्र पटेल, धनराज पटेल, रवि कपूर, संतोष कपूर, नेहरू राजभर, हृदय राजभर, राज बहादुर पटेल, प्रेमनाथ सिंह, दिनेश पटेल, अरविंद सिंह, सुजीत यादव, वरुण सिंह, मृत्युंजय सिंह, संजय कुमार, अजय मिश्रा, केशव सिंह, सूरज यादव, विजय सोनकर, सुनील प्रजापति, रमेश राजभर, दिलीप श्रीवास्तव, सुजीत गुप्ता, विजेंद्र पाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जमनिया के विधायक ओमप्रकाश सिंह भी थे। अखिलेश यादव ने टेलीफोन पर रांची के समाजसेवी भानुप्रताप सिंह से बात की।






# तीसरे तिमाही में नालको का लाभ क्रमिक रूप से 61 % बढ़ा, शुद्ध लाभ का आकड़ा 274 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के ह्यनवरत्नह्व लोक उद्यम एवं देश के अग्रणी एल्यूमिना और एल्यूमिनियम के निर्माता और निर्यातक नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको), ने दिसंबर 2022 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। शुक्रवार को भुवनेश्वर में आयोजित बैठक में बोर्ड द्वारा रिकॉर्ड में लिये गये वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के लिए समीक्षा किये गये वित्तीय परिणामों के अनुसार, नालको ने इस वित्तीय वर्ष की पिछली तिमाही में 170 करोड़ के मुकाबले 274 करोड़ का शुद्ध लाभ हासिल किया है। तीसरी तिमाही में शुद्ध बिक्री कारोबार 3290 करोड़ था। तिमाही के दौरान एल्यूमिना की कम बिक्री मात्रा, उच्च इनपुट लागत के साथ-साथ वैश्विक चुनौतीपूर्ण व्यापार परिदृश्य और उतार-चढ़ाव द्वारा लाभ मार्जिन को प्रभावित करने के बावजूद कंपनी ने उत्पादन के सभी मोर्चों पर मजबूत वृद्धि दर्ज की है। मंदी की अवधि से उबरने में नालको की परिचालन दक्षता और टीम वर्क ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैश्विक स्तर पर एल्यूमिनियम की कीमतों में उछाल और उच्च उत्पादन मात्रा के साथ, हमें यकीन है कि यह निश्चित रूप से आने वाली तिमाहियों में लाभ मार्जिन में इजाफा करेगा। नालको के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने कहा कि हमें आशा है कि चौथी तिमाही के परिणाम वित्तीय वर्ष 23 के सकल परिणामों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।












# विजय पटनायक कांग्रेस में शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पूर्व प्रशासक और पूर्व मुख्य सचिव विजय पटनायक कांग्रेस में शामिल हुए। अपराह्न 3:30 बजे विजय पटनायक औपचारिक रूप से नयी दिल्ली में एआइसीसी कार्यालय में एक मिश्रण समारोह में कांग्रेस में शामिल हुए। पूर्व मुख्य सचिव विजय पटनायक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर ओडिशा के प्रभारी चेल्ला कुमार और पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक मौजूद थे। कांग्रेस में शामिल होने के बाद विजय पटनायक ने कहा कि राहुल के पद यात्रा से प्रभावित होकर वह कांग्रेस में शामिल हुए हैं। मैं राज्य के लिए जो कुछ भी कर सकता हूं, करूंगा। मैं 40 साल के प्रशासनिक अनुभव के आधार पर काम करूंगा। उन्होंने राज्य सरकार की कड़ी समालोचना करते हुए कहा कि राज्य में कुशासन, भ्रष्टाचार और हिंसा का माहौल है। विजय पट्टनाई ने कहा कि ओड़िशा में प्रशासन जनता से बहु दूर है।

# पूतरे: पिछले आठ वर्षों में भरे गये 16405 रिक्त पद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और रेलवे भर्ती सेल (आरआरसी) द्वारा भर्ती अभियान के माध्यम से पूर्व तट रेलवे ने पिछले आठ वर्षों में 16 हजार 405 रिक्त पदों को भरा है। रेलवे में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। चूंकि यह एक संवेदनशील मामला है, इसलिए इसमें कई विभाग शामिल हैं। ट्रेन संचालन में संरक्षा जैसे संवेदनशील मामले को लेकर रेलवे सजग है। पूर्व तट रेलवे लगातार अपने कार्यबल की निगरानी कर रहा है और रिक्त पदों को भरने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है।

कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद पूर्व तट रेलवे ने अपने कर्मचारियों की संख्या 1 अप्रैल, 2019 की संख्या 45,507 से बढ़ाकर 1 जनवरी, 2023 तक 47,331 कर दी है। पिछले 8 वर्षों के दौरान पूर्व तट रेलवे में रेलवे रिक्रूटमेंट सेल की भर्ती प्रक्रिया द्वारा लेवल 1 के पदों पर कुल 5259 उम्मीदवारों की नियुक्ति की गई। लेवल 1 पदों के अलावा, 11146 उम्मीदवारों को पिछले 08 वर्षों में पूर्व तट रेलवे में विभिन्न श्रेणियों में नियुक्ति मिली। उपरोक्त सभी पदों में अधिकतर संरक्षा श्रेणी के पद और कुछ सामान्य पद शामिल हैं। इनके अलावा, संरक्षा श्रेणियों में अधिकतम संख्या सहित विभिन्न स्तरों पर आरआरबी और आरआरसी द्वारा पूर्व तट रेलवे में 2,858 रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।












# सुनिधि चौहान ने किट सिल्वर कार्निवल में दर्शकों का मन जीता



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** यह एक ऐसी रात थी जो सुनिधि चौहान के अनगिनत प्रशंसकों के मन में हमेशा बनी रहेगी। अनगिनत बॉलीवुड हिट के लिए जानी जाने वाली लोकप्रिय गायिका, गुरुवार की शाम किट परिसर में थीं और उन्होंने अपने प्रशंसकों - हजारों लड़कों और लड़कियों के साथ-साथ शिक्षकों और कर्मचारियों को निराश नहीं किया, जो उन्हें लाइव परफॉर्म करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस अवसर पर किट & किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने सुनिधि को सम्मानित किया। जैसे ही उन्होंने खचाखच भरे किट क्रिकेट स्टेडियम में अपने आगमन की घोषणा की, भीड़ पागल हो गई और सुनिधि... सुनिधि... सुनिधि के नारे लगाने लगी। सुनिधि नाइट का आयोजन किट सिल्वर जुबली कार्निवाल के हिस्से के रूप में किया गया था, जो 16 फरवरी को समाप्त होगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**